दैनिक
# नवयत्न
केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा विज्ञापनों के लिए स्वीकृत
RNI No. RAJHIN/2010/31619
Post.Reg No. sikar/041/2016-2018
खबरें सड़क से संसद तक
वर्ष: 17 अंक 119 सीकर, शनिवार 27 जून 2026 Email : navyatndainik@gmail.com मूल्य 1 रुपया पृष्ठ 8

## छुट्टी का दिन, फिर भी मंत्रियों के बंगलों पर भीड़

### तबादलों की अर्जियां लेकर पहुंचे कर्मचारी; मंत्री बोले- विधवा-गंभीर बीमार कर्मचारियों को मिलेगी प्राथमिकता



जयपुर।

राजस्थान में तबादलों से बैन हटने के बाद मंत्रियों के सरकारी आवासों और सचिवालय में कर्मचारियों और उनके परिजनों की भीड़ नजर आ रही है। मुहर्रम की सरकारी छुट्टी के दिन भी मंत्रियों के आवासों पर तबादलों को लेकर भीड़ रही। सुबह 9 बजे से लेकर दोपहर 1 बजे तक मंत्रियों के घरों पर बड़ी संख्या में लोग तबादलों की अर्जियां लेकर पहुंचे। सबसे ज्यादा भीड़ शिक्षा मंत्री मदन दिलावर के आवास पर रही। इसके साथ ही उप मुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा, पशुपालन और डेयरी मंत्री जोराराम कुमावत सहित अधिकतर मंत्रियों के यहां लोग तबादलों की अर्जियां लेकर पहुंचे। मंत्रियों ने भी लोगों से मिलकर तबादलों की अर्जियां लीं और उनकी समस्याएं सुनकर प्राथमिकता के आधार पर तबादला करने का आश्वासन दिया।

#### दिव्यांग, एकल महिला और बीमार कार्मिकों को प्राथमिकता

उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा और मंत्री जोराराम कुमावत ने कहा- लंबे समय से कर्मचारियों की तबादलों से बैन हटाने की मांग थी, जिसे ध्यान में रखकर सरकार ने तबादलों से बैन हटाया है। हम तबादलों में दिव्यांग, एकल महिला, विधवा सहित लंबे समय से अपने घर से दूर रहने वाले कार्मिकों को प्राथमिकता दे रहे हैं।

मंत्री जोराराम कुमावत ने कहा-मेरे चारों विभागों के कार्मिक तबादलों को लेकर आ रहे हैं, जिनकी अर्जियों पर प्राथमिकता के आधार पर फैसला लिया जाएगा। वहीं, जो अन्य विभागों से संबंधित कर्मचारी आ रहे हैं, उनकी लिस्ट बनाकर संबंधित मंत्रियों को भेजकर उनसे आग्रह कर रहे हैं कि उन्हें उचित स्थान पर लगाया जाए।

## जापान की प्रधानमंत्री साने ताकाइची आएंगी भारत, पीएम मोदी ने दिया निमंत्रण

नई दिल्ली



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निमंत्रण पर, जापान की प्रधानमंत्री साने ताकाइची 16वें भारत-जापान वार्षिक शिखर सम्मेलन के लिए 1-3 जुलाई, 2026 को नई दिल्ली की आधिकारिक यात्रा करेंगी। यह समिट दोनों पक्षों को द्विपक्षीय सहयोग के पूरे स्पेक्ट्रम की समीक्षा करने और मजबूत करने के साथ-साथ परस्पर हितों के क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान करने का अवसर देगा। यह प्रधानमंत्री ताकाइची का भारत का पहला आधिकारिक दौरा होगा। इससे पहले प्रधानमंत्री मोदी अगस्त 2025 में जापान के दौरे पर पहुंचे थे, जहां वे 15वें भारत-जापान सालाना समिट में शामिल हुए। यह भारत-जापान विशेष रणनीतिक और वैश्विक साझेदारी को और बढ़ाने के लिए दोनों देशों की साझा प्रतिबद्धता को दिखाता है। फरवरी 2026 में प्रधानमंत्री मोदी ने हाउस ऑफ़ रिप्रेजेंटेटिव्स के चुनाव में जीत पर जापान की प्रधानमंत्री साने ताकाइची को बधाई दी थी।

## राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामला :

# ट्रस्ट महासचिव चंपत राय का इस्तीफा


### ट्रस्टी अनिल मिश्रा की छुट्टी; चंपत के ड्राइवर टिन्नू समेत 8 गिरफ्तार

अयोध्या।

अयोध्या राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामले में श्री राम जन्मभूमि तीर्थ ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय और ट्रस्टी डॉक्टर अनिल मिश्रा ने इस्तीफा दे दिया है। सूत्रों के मुताबिक, मंदिर निर्माण प्रभारी गोपाल राव को भी मंदिर की व्यवस्था से बाहर कर दिया गया है। चंपत के पास पूरे मंदिर की जिम्मेदारी थी। राय के बाद ट्रस्टी अनिल और गोपाल राव की मंदिर व्यवस्था में बड़ी भूमिका थी। एक हफ्ते पहले सीएम योगी अयोध्या दौरे पर गए थे। उस वक्त चंपत को उनके दौरे से दूर रखा गया था, तभी से यह सुगबुगाहट थी कि उन्हें हटाया जा सकता है। सूत्रों के मुताबिक, अब ट्रस्ट का पुनर्गठन किया जाएगा। चढ़ावा चोरी मामले में गुरुवार देर शाम ट्रस्ट के सदस्य कृष्ण मोहन की शिकायत पर पहली स्नद्धक्र दर्ज कराई गई थी। इसमें चंपत राय, डॉ. अनिल मिश्रा समेत अन्य बड़े पदाधिकारियों के नाम नहीं हैं।

इसके बाद गुरुवार देर रात रामशंकर यादव उर्फ टिन्नू समेत 8 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। आज शुक्रवार को सभी 8 आरोपियों का मेडिकल कराने के बाद इन्हें कोर्ट में पेश किया गया। सीजेएम कोर्ट ने सभी आरोपियों को 14 दिन के लिए जेल भेज दिया है। चोरी का मामला पहली बार 7 जून को सामने आया। यूपी सरकार ने 13 जून को एसआईटी बनाई।

एसआईटी ने 23 जून को एडिशनल चीफ सेक्रेटरी (गृह) संजय प्रसाद को प्रारंभिक रिपोर्ट सौंपी। इसके 2 दिन बाद कार्रवाई हुई और मंदिर से जुड़े 8 लोगों को गिरफ्तार किया। इनमें टिन्नू, लवकुश मिश्रा, अनुकल्प मिश्रा, मनीष यादव, अविनाश शुक्ला, करुणेश पांडेय, सुभाष चंद्र श्रीवास्तव और रमाशंकर मिश्रा शामिल हैं। अनुकल्प लवकुश का जीजा है। ये दोनों अनिल मिश्रा के रिश्तेदार हैं। वहीं, मनीष टिन्नू यादव का भतीजा है।




## ऑपरेशन सिंदूर के 6 शहीदों के नाम पहली बार सार्वजनिक

**नई दिल्ली।** ऑपरेशन सिंदूर के दौरान शहीद हुए भारतीय सशस्त्र बलों के 6 जवानों के नाम पहली बार आधिकारिक तौर पर सार्वजनिक किए गए हैं। इन नामों को नेशनल वॉर मेमोरियल की वेबसाइट के रोल ऑफ ऑनर में शामिल किया गया है। नई दिल्ली स्थित राष्ट्रीय युद्ध स्मारक की 3डी वॉल पर साल 2025 के खंड में भी उनके नाम अंकित किए गए हैं। नेशनल वॉर मेमोरियल के त्याग चक्र में 16 गोल ग्रेनाइट की दीवारें हैं, जिन पर आजादी के बाद से देश के लिए अपनी जान देने वाले हर सैनिक का नाम, रैंक और यूनिट लिखी हैं।

दरअसल, 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमला हुआ था। 26 टूरिस्ट की हत्या की गई थी।

# राजस्थान में 76 नई नगरपालिकाओं का गठन

### 15 साल का सबसे बड़ा विस्तार, 684 नए पद मंजूर; जयपुर-झुंझुनूं में सबसे ज्यादा 7-7 निकाय

जयपुर।

राजस्थान में तेजी से बढ़ रहे कस्बों और शहरी क्षेत्रों के लिए राज्य सरकार ने नगरीय विकास को गति देने के लिए बड़ा फैसला लिया है। प्रदेश में 76 नई नगरपालिकाओं के गठन को मंजूरी दे दी गई। साथ ही राज्य में नगरीय निकायों की संख्या 309 से बढ़कर 385 हो गई है। नई नगरपालिकाओं के संचालन और प्रशासनिक व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए स्वायत्त शासन विभाग में 684 नए पद भी बनाए गए हैं। पिछले तीन सालों में विभाग में पहली बार भर्ती की मंजूरी मिली है। जबकि इतनी बड़ी संख्या में पदों का सृजन पिछले 15 सालों में पहली बार हुआ है। नई नगरपालिकाओं में सबसे अधिक 7-7 निकाय जयपुर और झुंझुनूं जिलों में बनाए गए हैं। राज्य सरकार का यह फैसला भाजपा सरकार के मौजूदा कार्यकाल में स्थानीय निकायों के विस्तार का सबसे बड़ा कदम माना जा रहा है। सरकार का मानना है कि इससे नागरिक सुविधाओं और विकास कार्यों में तेजी आएगी।




#### जयपुर जिले में ये बनी नगर पालिकाएं

जयपुर जिले में वाटिका, जमवारामगढ़, फागी, दूदू, कानोता, खेजरोली और कालाडेरा को नगर पालिका का दर्जा दिया गया है। इसके अलावा दौसा, अलवर और टोंक में चार-चार नई नगरपालिकाएं गठित की गई हैं। वहीं बालोतरा, बाड़मेर और अजमेर में तीन-तीन नई नगरपालिकाओं का गठन किया गया है। इसके अलावा अन्य कई जिलों में भी नए नगरीय निकाय बनाए गए हैं।

#### 684 नए पदों पर होगी भर्ती

नई नगरपालिकाओं के गठन के साथ सरकार ने इनके प्रशासनिक ढांचे को मजबूत करने पर भी जोर दिया है। स्वायत्त शासन विभाग में 684 नए पदों के सृजन को मंजूरी दी गई है।

## ड्रग्स तस्करों पर सख्ती, नशे के शिकार लोगों के लिए सहानुभूति : अमित शाह

नई दिल्ली

अंतरराष्ट्रीय मादक पदार्थ दुरुपयोग और अवैध तस्करी विरोधी दिवस पर केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने नई दिल्ली में नारकोटिक्स कंट्रोल (एनसीओआरडी) की 10वीं शीर्ष स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की। इस दौरान उन्होंने देश को नशे के खतरे से बचाने के लिए तैयार किए गए 'विजन डॉक्यूमेंट ऑन नारकोटिक्स कंट्रोल' का भी शुभारंभ किया। संबोधन में अमित शाह ने कहा कि देश आज नशे के खिलाफ लड़ाई के बेहद निर्णायक मोड़ पर खड़ा है और आने वाले तीन साल बेहद अहम होंगे। 26 जून भारत के लिए बेहद महत्वपूर्ण दिन

अमित शाह ने कहा कि 26 जून भारत के लिए बेहद महत्वपूर्ण दिन है। एक ओर देश नशे के खिलाफ प्रभावी रोडमैप तैयार कर रहा है, वहीं आज महान साहित्यकार बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय की जयंती भी है। 'बंकिम बाबू' ने गुलामी के दौर में देश के आत्मविश्वास को जगाने का काम किया और 'वंदे मातरम' जैसी अमर रचना दी।

#### आजादी की लड़ाई में अंग्रेजों के खिलाफ संघर्ष का सबसे बड़ा उद्घोष भी 'वंदे मातरम' ही था

उन्होंने कहा, 'वंदे मातरम' केवल एक नारा या गीत नहीं है। यह भारत की सांस्कृतिक चेतना, राष्ट्रभक्ति और देश के पुनर्निर्माण का मंत्र है। आजादी की लड़ाई में अंग्रेजों के खिलाफ संघर्ष का सबसे बड़ा उद्घोष भी 'वंदे मातरम' ही था। इतिहास गवाह है कि देश के अनेक स्वतंत्रता सेनानी फांसी के फंदे पर चढ़ते समय भी अपने अंतिम शब्द के रूप में 'वंदे मातरम' का ही उच्चारण करते थे।




#### मादक पदार्थों की समस्या केवल कानून-व्यवस्था का विषय नहीं, बल्कि देश के भविष्य से जुड़ा गंभीर मुद्दा

गृह मंत्री ने कहा कि मादक पदार्थों की समस्या केवल कानून-व्यवस्था का विषय नहीं, बल्कि देश के भविष्य से जुड़ा गंभीर मुद्दा है। उन्होंने कहा कि देश के अगले 100 वर्षों के भविष्य को सुरक्षित रखने के लिए सभी सरकारों, विभागों, संतों, युवाओं और मातृशक्ति को एक मंच पर आकर संयुक्त रूप से काम करना होगा। उन्होंने कहा कि नशे के खिलाफ इस लड़ाई में समाज के हर वर्ग की भागीदारी बेहद जरूरी है।

#### शाह ने सभी राज्यों के मुख्य सचिवों और पुलिस महानिदेशकों से अपील की

अमित शाह ने सभी राज्यों के मुख्य सचिवों और पुलिस महानिदेशकों से अपील की कि राष्ट्रीय नशीले पदार्थ समन्वय पोर्टल (एनसीओआरडी) की बैठकों को केवल औपचारिकता तक सीमित न रखा जाए, बल्कि उन्हें पूरी तरह परिणाम-उन्मुख बनाया जाए। उन्होंने कहा कि बैठकों में लिए गए फैसलों का प्रभावी क्रियान्वयन हो, उनकी नियमित समीक्षा हो और कमियों का गंभीर विश्लेषण किया जाए, तभी वास्तविक सफलता मिलेगी।



## वेनेजुएला भूकंप में अब तक 235 की मौत

### एलपीजी टैंकर टोल से टकराया, धमाके के बाद आग लगी

कराकस, वेनेजुएला।

दक्षिण अमेरिकी देश वेनेजुएला में आए दो भूकंप में अब तक 235 लोगों की मौत की पुष्टि हो गई है। जबकि 4300 से ज्यादा लोग घायल हैं। वेनेजुएला में बुधवार यानी 25 जून को साल 1821 के काराबोबो युद्ध की याद में राष्ट्रीय अवकाश था। इसलिए ज्यादातर लोग घरों में थे और फीफा वर्ल्ड कप मैच देख रहे थे। इससे मलबे में दबने वालों की संख्या ज्यादा होने की आशंका है। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक मलबे के अंदर से आवाजें आ रहीं हैं।

सरकार ने देर रात बताया कि 39 हजार से ज्यादा लोग लापता हैं। भूकंप की भयावहता की असल तस्वीर अभी आना बाकी है। अमेरिकी जियोलॉजिकल सर्वे के मुताबिक भूकंप से 10 हजार से ज्यादा लोगों के मारे जाने की 44% आशंका है। वहीं, एक लाख लोगों के जान गंवाने की 30% आशंका है। इस आपदा से वेनेजुएला की अर्थव्यवस्था को 9.5 लाख करोड़ रुपए के नुकसान हो सकता है। कार्यवाहक राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिग्ज ने आपातकाल लगा दिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रोड्रिग्ज से बात कर मदद की पेशकश की है।

वेनेजुएला में अभी भी भूकंप से तबाह हुई बिल्डिंगों के मलबे में सैकड़ों लोगों के फंसे होने की आशंका है। आपदा प्रभावित इलाके में अंतरराष्ट्रीय बचाव दल और मानवीय सहायता के पहुंचने के साथ ही आपातकाल की घोषणा कर दी गई है

## ईरान बोला-नाटो देशों ने जंग में अमेरिका का साथ दिया




तेल अवीव/तेहरान/वॉशिंगटन डीसी।

ईरान ने आरोप लगाया है कि अमेरिका और इजराइल के ईरान पर हुए हमले में साथ देने वाले नाटो मेंबर देशों को इसके लिए जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए। ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बघई ने सोशल मीडिया पर कहा कि नाटो चीफ मार्क रूट ने खुद माना है कि इटली और रोमानिया ने ईरान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई में अमेरिका का साथ दिया था। बघई ने कहा कि इन्हें अपने नागरिकों और पूरी दुनिया को बताना चाहिए कि उन्होंने अमेरिका और इजराइल के साथ मिलकर ईरान के खिलाफ इस कार्रवाई का समर्थन क्यों किया। वहीं, होर्मुज स्ट्रेट में एक कॉमर्शियल जहाज पर किसी अज्ञात प्रोजेक्टाइल, यानी हमलावर हथियार से अटैक हुआ। ब्रिटेन की यूके मैरीटाइम ट्रेड ऑपरेशंस, यानी यूकेएमटीओ ने इसकी जानकारी दी है। जहाज ओमान के तट के पास था, तभी प्रोजेक्टाइल जहाज के दाहिने हिस्से से टकराया। इस हमले में जहाज के ब्रिज, जहां से जहाज को कंट्रोल किया जाता है को नुकसान पहुंचा। जहाज के कप्तान ने बताया कि इस घटना में कोई भी व्यक्ति घायल नहीं हुआ।

**ईरान ने होर्मुज में नए रूट पर आपत्ति जताई :** ईरान ने संयुक्त राष्ट्र के उस प्रस्ताव को खारिज कर दिया है, जिसमें होर्मुज से जहाजों को सुरक्षित निकालने के लिए नए समुद्री रास्ते, यानी इवैक्यूएशन लेन बनाने की बात कही गई थी।


**होर्मुज को लेकर ईरान-अमेरिका आमने-सामने:** ईरान ने कहा कि बिना नियम माने गुजरने वाले जहाजों पर कार्रवाई होगी। अमेरिका ने साफ किया कि होर्मुज पर किसी एक देश का नियंत्रण स्वीकार नहीं करेगा।

## रामगढ़ में ट्रक-पिकअप में टक्कर, 8 की मौत



**रामगढ़ (झारखंड)।** झारखंड के रामगढ़ जिले में गुरुवार देर रात हुए सड़क हादसे में आठ लोगों की मौत हो गई। एक्सीडेंट रजरप्पा थाना क्षेत्र के लारी-बरलौंग के पास रामगढ़-बोकारो मुख्य मार्ग (एनएच-23) पर हुआ। कोयला लदे एक ट्रक ने पिकअप को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर के बाद पिकअप के परखच्चे उड़ गए। उसमें सवार सभी लोग बैंड-ताशा पार्टी से जुड़े थे, उनके सामान बैंड-बाजे सड़क पर बिखर गए। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी का माहौल रहा, जबकि ट्रक को मौके पर छोड़ ड्राइवर भाग निकला। घटनास्थल पर सात लोगों की मौत हुई। वहीं, गंभीर रूप से घायल एक व्यक्ति को रांची रेफर किया गया, जिसने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।

### कोबरी-सार



## अंतर्राष्ट्रीय नशा निषेध दिवस पर गोष्ठी आयोजित

निसं

**नोखा ( नवयत्न )।** नशा मुक्त युवाएसशक्त भारत इस थीम पर आज अणुव्रत समिति नोखा द्वारा अंतर्राष्ट्रीय नशा निषेध दिवस के अवसर पर एक कार्यक्रम का आयोजन शारदा क्लासेस नोखा में किया गया विशेषज्ञ के रूप में उपस्थित पुलिस विभाग के बलवान सिंह ने नशे को विनाश का कारण बताते हुए कानूनी जानकारी दी स अणुव्रत समिति के अध्यक्ष रमेश कुमार व्यास ने इस अवसर पर एक नशे से न केवल व्यक्ति खराब होता है बल्कि पूरा घर, समाज और राष्ट्र विकास से पिछड़ जाता है स व्यास ने मेडिटेशन की क्रिया करते हुए व्यक्तित्व विकास पर बल दियाण्स युवा उद्बोधन के अंतर्गत वसुंधरा बिश्नोई ने वर्तमान समय की नई-नई नशे की लतों से खराब हो रही युवा पीढ़ी को तार्किक उदाहरण देकर नशा नहीं करने एवं करने वालों को छुड़ाने का आह्वान किया स अणुव्रत समिति के मंत्री गजेंद्र पारख ने आगंतुकों का स्वागत करते हुए नशाखोरी से बचने की बात कही स विषय विशेषज्ञ डॉ जयकरण चरण ने नई पीढ़ी को वर्तमान युग में सही तरीके से अपने व्यक्तित्व विकास के चरणबद्ध तरीके बताएंस वरिष्ठ उपाध्यक्ष हंसराज भूरा एनिर्मल चोपड़ा, पुलकित, खुशबू ललवानी, हरि कृष्ण शर्मा, सुशील भूरा आदि ने सक्रिय भागीदारी निभाई स प्रेम गोदारा ने ग्रामीण क्षेत्र में बढ़ रहे नशे को रोकने के लिए अणुव्रत के इस अभियान की सराहना की स शारदे क्लासेज के संचालक श्रवण कुलडि़या के नेतृत्व में छात्र.छात्राओं ने नशा नहीं करने एवं आसपास वालों को छुड़ाने का संकल्प लियास सुरपुरा गांव के पन्नाराम भाम्भु ने शिक्षा के साथ-साथ इस तरह की सामाजिक चेतना अभियान की सराहना कीस कार्यक्रम के प्रारंभ में जय तुलसी शिक्षण संस्थान की छात्राओ के नेतृत्व में अणुव्रत संयम गीत संज्ञान किया गयास संचालन दिनेश उपाध्याय ने किया स कार्यक्रम में एलीवेट वीडियो के माध्यम से व्यसन मुक्ति के प्रेरक प्रसंग प्रदर्शन किए गए सजीवन मूल्य पर आधारित चर्चा करते हुए विचारों का आदान.प्रदान किया गया।

## बंधन बैंक ने फिक्स्ड डिपॉजिट पर बढ़ाई ब्याज दरें

### अब मिलेगा 7.95 प्रतिशत तक का फायदा

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** बंधन बैंक ने घोषणा की है कि उसने फिक्स्ड डिपॉजिट एफडी पर ब्याज दरों में 20 बेसिस पॉइंट्स 0.20 प्रतिशत की बढ़ोतरी की है। इस बढ़ोतरी के बाद बैंक 2 साल से लेकर 3 साल से कम की अवधि वाली फिक्स्ड डिपॉजिट पर 7.95 प्रतिशत तक की ब्याज दर की पेशकश कर रहा है। बैंक वरिष्ठ नागरिकों को सबसे अधिक 7.95 प्रतिशत की ब्याज दर दे रहा है, जबकि इसी अवधि की फिक्स्ड डिपॉजिट पर अन्य ग्राहकों को 7.45 प्रतिशत का ब्याज मिलेगा। बैंक वरिष्ठ नागरिकों को 5 साल से कम की लंबी अवधि वाली एफडी पर भी 7.75 प्रतिशत की आकर्षक ब्याज दर दे रहा है। इसी अवधि के लिए अन्य ग्राहकों को 7.25 प्रतिशत ब्याज मिलेगा, जो कि बैंकिंग इंडस्ट्री में सबसे बेहतरीन एफडी ब्याज दरों में से एक है। इसके अलावाए बंधन बैंक 5 लाख से अधिक और 10 लाख तक के सेविंग्स अकाउंट बचत खाते बैलेंस पर 6.5 प्रतिशत की ब्याज दर भी दे रहा है। बंधन बैंक के ग्राहक अपने घर या कार्यालय से ही रिटेल इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से एफडी बुक या निवेश कर सकते हैं। इस ऑनलाइन प्रक्रिया के जरिए ग्राहक कुछ ही मिनटों में तेज, आसान और बिना किसी परेशानी के एफडी बुक कर सकते हैं।

## कोस्मो सनशील्ड ने अपने प्रोडक्ट पोर्टफोलियो का किया विस्तार

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** कोस्मो फर्स्ट की कंज्यूमर-फेसिंग शाखा कोस्मो कन्ज्यूमर ने अपने ब्रांड कोस्मो सनशील्ड के तहत जयपुर में अपने प्रोडक्ट पोर्टफोलियो के विस्तार की घोषणा की है। इसका उद्देश्य घरों, कार्यालयों एवं कमर्शियल स्पेसेज की बढ़ती जरूरतों को पूरा करना है, जो गर्मियों के महीनों में ऊर्जा के उपयोग को अनुकूलित करते हुए भीतरी माहौल को ज्यादा आरामदायक बनाने वाले समाधानों की उम्मीद रखते हैं। इस रेंज में लस्टर सीरीज, रेनबो सीरीज और अल्ट्रा कूल सीरीज शामिल हैं, इनमें से हर सीरीज को इस तरह से डिजाइन किया गया है कि यह प्राकृतिक रोशनी को भीतर आने देती हैए लेकिन बाहरी गर्मी को भीतर आने से रोकती है। कांच के जरिए गर्मी को भीतर आने से रोककर, यह फिल्म एयर कंडीशनर के परफोर्मेन्स को बेहतर बनाती है। कूलिंग की दक्षता के अलाया, ये फिल्में हानिकारक अल्ट्रावॉयलेट रेडिएशन से भी सुरक्षा प्रदान करती हैं। अभिनीश दास, बिजनेस हैड, कोस्मो कन्ज्यूमर्स ने कहा, जयपुर हमारे लिए महत्वपूर्ण मार्केट हैं, यहां के उपभोक्ताओं से हमें अच्छी मांग और फीडबैक मिलता रहा है। ऐसे में हमें विश्वास है कि यह विस्तारित पोर्टफोलियो उपभोक्ताओं का भरोसा जीतने और उनकी बदलती जरूरतों को पूरा करने में कारगर होगा।

## राजस्थानी भाषा को समर्पित सालीणो-उछब में जुटेंगे साहित्यकार

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** राजस्थानी भाषा और साहित्य को समर्पित संस्था श्राजस्थानी लेखिका संस्थान रालेस की ओर से शनिवार को जयपुर के झालाना स्थित प्रौढ़ शिक्षण समिति में वार्षिक महोत्सव सालीणो-उछब का आयोजन किया जा रहा है। इसमे राजस्थानी भाषा को समर्पित साहित्यिक गतिविधियां आयोजित होंगी। कार्यक्रम संयोजिका मोनिका गौड़ ने बताया कि वरिष्ठ साहित्यकार दमयंती कच्छवाहा की अध्यक्षता और सत्यदेव संवितेंद्र के मुख्य आतिथ्य में उद्घाटन सत्र का प्रारंभ होगा। राजवीर सिंह चळकोई मुख्य वक्ता रहेंगे। डॉ. घनश्याम नाथ कच्छवाहा की अध्यक्षता में डॉ. शारदा कृष्ण की पुस्तक घर कीं कैवणो चावै और जीनस कंवर की पुस्तक श्वेत नै बणा आरसी का लोकार्पण व चर्चा होगी। कार्यक्रम संयोजिका मोनिका गौड़ ने बताया कि इस सत्र में प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से आए 8 उभरते युवा कवि राजस्थानी भाषा में काव्य पाठ करेंगे। साहित्यकार राजेंद्र मोहन शर्मा, डॉ. आशा पांडे ओझा और गज़लकार डॉ. सुशीला शील की गरिमामयी उपस्थिति में महोत्सव का समापन होगा। कार्यक्रम संयोजिका मोनिका गौड़ ने बताया कि राजस्थानी लेखिका संस्थान राजस्थानी भाषा में साहित्य सृजन करने वाली महिलाओं का मंच है। इस संगठन की ओर से समय समय पर राजस्थानी भाषा संबंधी साहित्यिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते है।

## नेत्र चिकित्सा शिविर कल

निलेश मुद्गल

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन एवं महावीर इंटरनेशनल रानी अहिल्या वीरा केंद्र के संयुक्त तत्वाधान में हर माह के आखिरी रविवार को आयोजित होने वाला नेत्र चिकित्सा व उच्च रक्तचाप एवं मधुमेह चिकित्सा परामर्श शिविर 28 जून रविवार को प्रात: 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक लावरेश्वर महादेव मंदिर, राणी सती मंदिर के पास झुंझुनूं में नेत्र चिकित्सा शिविर आयोजित किया जाएगा। संयोजक श्याम सुंदर जालान ने बताया कि शिविर में विशेषज्ञ डॉक्टर्स द्वारा आंखों की आधुनिक मशीनों से जांच कर नि:शुल्क दवाइयां व चश्मे दिए जाएंगे। मोतियाबिंद के चयनित रोगियों के ऑपरेशन रियायती दर पर कराए जाएंगे।

# वेदांता ने एक दशक में सरकारी खजाने में करीब 5 लाख करोड़ का योगदान दिया

निसं




**मुंबई ( नवयत्न )।** विविध प्राकृतिक संसाधनों में देश की अग्रणी कंपनी वेदांता लिमिटेड (बीएसई: 500295 और एनएसई: वीईडीएल) ने कंपनी की 11वीं टैक्स ट्रांसपेरेंसी रिपोर्ट के अनुसार वित्तीय वर्ष 26 में सरकारी खजाने में रु 62,722 करोड़ का योगदान दिया है। यह रिपोर्ट देश के निर्माण और पारदर्शी प्रशासन गवर्नेंस के लिए वेदांता की प्रतिबद्धता को और मजबूत बनाती है। यह योगदान कंपनी के संचालन से होने वाले कुल राजस्व का 36 फीसदी है, जो भारत के आर्थिक विकास में अहम भूमिका निभाता है। यह पिछले साल की तुलना में योगदान में 13.3 फीसदी की बढ़ोतरी है, जिसके साथ पिछले दस सालों में सरकारी खजाने में वेदांता का कुल योगदान रु 4,83,034 करोड़ हो गया है।

कंपनी ने वित्तीय अनुशासन, राष्ट्र-निर्माण और विकसित भारत मिशन को समर्थन देने पर विशेष रूप से ध्यान दिया है। यह ग्रुप सरकारी खजाने में योगदान देने वाले भारत के टॉप 3 प्राइवेट सेक्टरों के सदनों में शामिल है। सरकारी खजाने में यह योगदान वित्तीय वर्ष 26 में वेदांता के सबसे अच्छे फाइनेंशियल परफॉर्मेंस की वजह से हुआ। इस अवधि में कंपनी का राजस्व 15 फीसदी बढ़कर रु 1,74,075 करोड़ हो गया जो कंपनी के इतिहास में सबसे ज़्यादा है । इसी तरह कर के बाद मुनाफा (पीएटी) 22 फीसदी बढ़कर रु 25,096 करोड़ हो गया। कंपनी की बैलेंस शीट भी काफी मजबूत हुई, के मुकाबले 1.22 गुना से बेहतर होकर 0.95गुना हो गया जो 14 तिमाहियों में इसका सबसे अच्छा स्तर है। वेदांता के अलग-अलग तरह के बिजनेस पोर्टफोलियो जिसमें जिंक-लेड-सिल्वर, एल्युमीनियम, कॉपर, आयरन ओर, स्टील, पावर, निकेल, क्रोम और ऑयल एंड गैस शामिल हैं में मजबूत ऑपरेशनल परफॉर्मेंस की वजह से कंपनी का फाइनेंशियल परफॉर्मेंस भी बहुत अच्छा रहा। जिंक ने रु 19,053 करोड़ के साथ सबसे अधिक योगदान दिया,, इसके बाद एल्युमीनियम (जिसे अब वेदांता एल्युमीनियम के तौर पर लिस्ट किया गया है) का योगदान रु 15788 करोड़ और ऑयल एंड गैस (जिसे अब वेदांता ऑयल एंड गैस के तौर पर लिस्ट किया गया है) का योगदान रु 11,697 करोड रहा यह महत्वपूर्ण खनिजों और ऊर्जा के क्षेत्र में वेदांता के पोर्टफोलियो के विस्तार और विविधता को दर्शाता है।

### वेदांता लिमिटेड की टैक्स ट्रांसपेरेंसी रिपोर्ट के मुख्य बिंदु

इस रिपोर्ट का 11वां संस्करण वित्त वर्ष 2025-26 के लिए वेदांता के टैक्स योगदान का विस्तृत ब्यौरा देता है। सरकारी रॉयल्टी और प्रॉफिट पेट्रोलियम (रु14,840 करोड़) इसमें राजस्थान, ओडिशा, गुजरात, आंध्र प्रदेश, छत्तीसगढ़, गोवा, कर्नाटक और असम की राज्य सरकारों को बॉक्साइट, लेड-जिंक, सिल्वर, आयरन ओर, क्रूड ऑयल और नैचुरल गैस के लिए दी गई रॉयल्टी, साथ ही प्रोडक्शन शेयरिंग कॉन्ट्रैक्ट के तहत भारत सरकार को दिया गया प्रॉफिट पेट्रोलियम शामिल है। इनकम और कैपिटल पर टैक्स (रु 8,290 करोड़) इसमें सभी अधिकार क्षेत्रों में कानूनी रिटर्न में फाइल किए गए कॉर्पोरेट इनकम टैक्स शामिल हैं। अन्य टैक्स रु 11897 करोड़ इसमें एक्सपोर्ट और इम्पोर्ट पर रु 5,980 करोड़ की ड्यूटी, रु 2,503 करोड़ का ऑयल सेस/एनसीसीडीए रु 1,252 करोड़ की इलेक्ट्रिसिटी ड्यूटी और रु 1,663 करोड़ का इनएलिजिबल जीएसटी शामिल है। इनडायरेक्ट टैक्स 21,777 करोड़ इसमें सभी बिजनेस युनिट्स में माल और सर्विस की बिक्री से सीजीएसटी, एसजीएसटी और आईजीएसटी शामिल हैं। विदहोल्डिंग टैक्स 3,188 करोड़ इसमें पेरोल टैक्स और वेंडर और कॉन्ट्रैक्टर पेमेंट पर सोर्स पर काटे गए टैक्स शामिल हैं। भारत सरकार को कॉर्पोरेट डिविडेंड रु 1,180 करोड़ हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड में भारत सरकार की 27.92 फीसदी हिस्सेदारी के जरिए पेमेंट किया गया। कर में पारदर्शिता वेदांता के बड़े एनवायरनमेंटल, सोशल और गवर्नेंस एजेंडा का मुख्य हिस्सा है। लगातार 11 सालों से बरकरार अपने स्वैच्छिक एवं सक्रिय डिस्क्लोजर के जरिए कंपनी का उद्देश्य हितधारकों का भरोसा बढ़ाना और कॉर्पोरेट प्रशासन के सर्वोच्च मानक सुनिश्चित करना है। वेदांता के कर सिद्धानत बी-टीम रिस्पॉन्सिबल टैक्स प्रिंसिपल और एक्सट्रैक्टिव इंडस्ट्रीज ट्रांसपेरेंसी इनिशिएटिव के साथ करीब से जुड़े हुए हैं, जो जिम्मेदार कॉर्पोरेट नागरिकता के लिए इसकी प्रतिबद्धता को और मजबूत बनाते हैं।

## कल्याण मटका के नाम पर ऑनलाइन ठगी करने वाले दो साइबर ठग गिरफ्तार

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** जयपुर ग्रामीण जिले की जोबनेर थाना पुलिस और जिला विशेष टीम डीएसटी ने साइबर अपराध के खिलाफ संयुक्त कार्रवाई करते हुए कल्याण मटका ऑनलाइन गेम के नाम पर लोगों से ठगी करने वाले अंतरराज्यीय साइबर गिरोह के दो शातिर आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से एक स्कॉर्पियो, लैपटॉप और चार महंगे मोबाइल जब्त किए हैं। फिलहाल आरोपितों से पूछताछ करने में जुटी है। जयपुर ग्रामीण के पुलिस अधीक्षक हनुमान प्रसाद ने बताया कि जोबनेर थाना पुलिस और डीएसटी ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए कल्याण मटका ऑनलाइन गेम के नाम पर लोगों से ठगी करने वाले अंतरराज्यीय साइबर गिरोह के शातिर ठग अजय कुमार 23 निवासी फुलेरा जिला जयपुर ग्रामीण और विवेक चौधरी 25 निवासी जोबनेर को गिरफ्तार किया है। पुलिस जांच में सामने आया कि अजय फेसबुक मेटा पर कल्याण मटका ऑनलाइन गेम के फर्जी विज्ञापन चलाकर लोगों को फंसाता था, जबकि विवेक व्हाट्सएप पर फोन-पे का क्यूआर कोड अथवा बैंक खाते का स्क्रीनशॉट भेजकर उनसे पैसे मंगवाता था। पुलिस ने जब आरोपियों के लैपटॉप और मोबाइल फोन की जांच की तो उनमें कल्याण मटका से संबंधित फेसबुक आईडी खुली मिली। व्हाट्सएप चैट में विभिन्न मोबाइल नंबरों के जरिए गेम खिलाने और रकम ट्रांसपफर कराने के साक्ष्य भी मिले। आरोपी लोगों से पैसे जमा करवाने के बाद जीतने पर राशि वापस नहीं लौटाते थे और अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर इस ठगी को अंजाम देते थे। इस कार्रवाई के दौरान पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से एक एचपी कंपनी का लैपटॉप, दो आईफोन 17 प्रो, एक वीवो वी-29 मोबाइल, एक रियलमी मोबाइल तथा अपराध में प्रयुक्त महिंद्रा स्कॉर्पियो जब्त की। पुलिस अब गिरोह के अन्य सदस्यों, बैंक खातों और ठगी के नेटवर्क के संबंध में पूछताछ जारी है। यह कार्रवाई जोबनेर थानाधिकारी हनुमान सहाय और डीएसटी प्रभारी उपनिरीक्षक सुहेल खान के नेतृत्व में की गई। टीम में उपनिरीक्षक मदन लाल, हैड कांस्टेबल छीतर मल, राजपाल, कांस्टेबल रामस्वरूप, राहुल, झाबर मल और राजू ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

गौरतलब है कि पुलिस को सूचना मिली कि जोबनेर बाईपास स्थित गोपाल टी स्टॉल के पास खड़ी एक काले रंग की महिंद्रा स्कॉर्पियो में बैठे कुछ लोग साइबर ठगी कर रहे हैं। सूचना पर पुलिस ने दबिश देकर दो युवकों को गिरफ्तार किया था।

## 500 की खरीदारी पर मोटरसाइकिल तक जीतने का मौका

### गोविंद बालाजी स्वीट्स एंड स्नैक्स का भव्य आगाज



निसं

**सरदारशहर ( नवयत्न )।** कस्बे के आथुणा बाजार में स्वाद प्रेमियों के लिए खुशखबरी है। आधुनिक सुविधाओं और आकर्षक ऑफर्स के साथ गोविंद बालाजी स्वीट्स एंड स्नैक्स का शुभारंभ मंगलवार को वैदिक मंत्रोच्चार और पूजा-अर्चना के बीच भव्य रूप से किया गया। उद्घाटन समारोह में शहर के गणमान्य नागरिकों, व्यापारियों, जनप्रतिनिधियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं की मौजूदगी ने कार्यक्रम को खास बना दिया। प्रतिष्ठान का विधिवत उद्घाटन शिक्षक ब्रह्मानंद शर्मा, सूर्य प्रकाश बजाज तथा पीएनबी बैंक मैनेजर अभिषेक शेखावत ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। उद्घाटन के बाद अतिथियों ने प्रतिष्ठान का अवलोकन कर यहां उपलब्ध मिठाइयों और स्नैक्स की गुणवत्ता की सराहना की। इस अवसर पर स्थानीय विधायक पंडित अनिल शर्मा और युवा उद्योगपति विकास मालू भी पहुंचे। उन्होंने कहा कि आथुणा बाजार में इस तरह का आधुनिक फूड आउटलेट खुलने से शहरवासियों को बेहतर गुणवत्ता, स्वच्छता और स्वाद का नया विकल्प मिलेगा। उन्होंने कंदोई परिवार को नए व्यापारिक सफर के लिए शुभकामनाएं देते हुए उज्वल भविष्य की कामना की। प्रतिष्ठान के संचालक रौनक कंदोई ने बताया कि शुभारंभ के उपलक्ष्य में ग्राहकों के लिए विशेष इनामी योजना शुरू की गई है। योजना के तहत प्रत्येक 500 रुपये की खरीदारी पर एक स्क्रैच कूपन दिया जाएगा और हर कूपन पर ग्राहक को निश्चित रूप से कोई न कोई उपहार मिलेगा। उन्होंने बताया कि इनामों की सूची में मोटरसाइकिल, साइकिल, फ्रिज, कूलर, प्रेस सहित सैकड़ों आकर्षक उपहार शामिल किए गए हैं। इस अनोखी स्कीम को लेकर ग्राहकों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। कार्यक्रम में शहर के अनेक प्रतिष्ठित व्यापारी और सामाजिक कार्यकर्ता भी मौजूद रहे। उपस्थित अतिथियों ने प्रतिष्ठान की सफलता और निरंतर प्रगति की शुभकामनाएं देते हुए इसे शहर के लिए एक सकारात्मक पहल बताया। समारोह के अंत में संचालक रौनक कंदोई और विनय कंदोई ने सभी आगंतुकों का माला पहनाकर स्वागत किया तथा कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आभार व्यक्त किया।

## जमीन विवाद में बेटे ने ट्रैक्टर से पिता को कुचला, मौत

निसं



**खेतड़ी ( नवयत्न )।** मेहाड़ा थाना क्षेत्र के ढोसी गांव में जमीन विवाद में एक बेटे ने अपने पिता को ट्रैक्टर से टक्कर मार दी। इस दौरान बुजुर्ग की मौत हो गई। घटना के बाद गांव में सनसनी फैल गई और मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। थानाधिकारी राममनोहर ठोलिया ने बताया कि थाना क्षेत्र के ढोसी गांव में पिता और बेटे के बीच लंबे समय से जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। जिसको लेकर वारदात को अंजाम दिया गया है। उन्होंने बताया कि मृतक के दामाद बाढड़ा निवासी राकेश कुमार ने रिपोर्ट दी कि रात करीब साढ़े दस बजे ढोसी निवासी महावीर प्रसाद पुत्र रामधन धर्मशाला के पास बैठा हुआ था। इस दौरान महावीर प्रसाद का बेटा शमशेर सिंह वहां आया तथा अपने पिता के साथ मारपीट करने लगा। वहां मौजूद लोगों ने बीच-बचाव का प्रयास किया लेकिन आरोपी अपने पिता के साथ मारपीट करते हुए सड़क पर ले आया। इसके बाद उसने वहां खड़े अपने टैक्टर से महावीर प्रसाद को जान से मारने की नीयत से टक्कर मार दी, जिससे महावीर प्रसाद गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के दौरान काफी संख्या में लोग एकत्रित हो गए तथा घायल को खेतड़ी के राजकीय उप जिला अस्पताल में लाया गया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही मेहाड़ा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का जायजा लेकर जांच शुरू कर दी। मृतक के दामाद ने मेहाड़ा थाने में आरोपी बेटे के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को हिरासत में ले लिया है और उससे पूछताछ की जा रही है। मामले को लेकर पुलिस ने पुलिस ने राजकीय उप जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया जहां मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम कराया गया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। थानाधिकारी ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला जमीन विवाद से जुड़ा हुआ होने की बात सामने आई है। परिजनों से पूछताछ में सामने आया कि आरोपी शमशेर सिंह व महावीर प्रसाद के बीच तीन साल से विवाद चल रहा था जिसको लेकर कई बार रिश्तेदारों ने बैठाकर समझाइश भी की गई थी। विवाद के चलते आरोपी अपने पिता से अलग रहता था। मृतक महावीर प्रसाद के चार बेटी व एक बेटा भी है। मृतक खेती बाड़ी का काम करता है। घटना के समय महावीर प्रसाद की पत्नी अपनी रिश्तेदारी में घरड़ाना गई हुई थी। बेटियों की शादी कर रखी है तथा आरोपी बेटे के दो बेटी व एक बेटा है। थानाधिकारी ने बताया कि घटना के सभी पहलुओं की गहनता से जांच की जा रही है तथा जांच के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## 55 ग्राम हेरोइन के साथ दो युवक गिरफ्तार



निसं

**चूरू ( नवयत्न )।** चूरू में कोतवाली पुलिस ने गुरुवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए 55 ग्राम हेरोइन के साथ दो युवकों को गिरफ्तार किया है।

अंतरराष्ट्रीय बाजार में इसकी कीमत करीब 5 लाख रुपए आंकी गई है। पुलिस ने यह कार्रवाई शहर में हेरोइन की सप्लाई से पहले तारानगर रोड स्थित कोसी धोरा के पास की है। तलाशी के दौरान वार्ड 59, ईदगाह कॉलोनी निवासी तनवीर 24 के कब्जे से 22 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। वहींए वार्ड संख्या 10, चमन बास निवासी मन्नान 24 पुत्र अब्बास काजी के पास से 33 ग्राम हेरोइन मिली। कुल 55 ग्राम हेरोइन जब्त की गई। पुलिस ने दोनों आरोपियों को हिरासत में लेकर उनके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

## मोहर्रम का जुलूस अकीदत और एहतराम के साथ निकाला

निसं



**मुकुंदगढ़ ( नवयत्न )।** हजरत इमाम हुसैन की शहादत की याद में शुक्रवार को कस्बे में मोहर्रम का जुलूस अकीदत और एहतराम के साथ निकाला गया। मोहल्ला व्यापारियान एवं मोहल्ला लीलगरान से मोहर्रम के जुलूस रवाना हुए। जुलूस में मातमी धुनों के बीच ढोल-ताशे बजाए गए। जुलूस मस्जिदों से शुरू होकर गढ़ के पास मुख्य बाजार से होते हुए कब्रिस्तान पहुँचे, जहाँ ताजियों को सुपुर्द-ए-खाक किया गया। मोहर्रम के दौरान अखाड़े में डांड-पट्टे खेलकर युवाओं ने करतबों का प्रदर्शन किया। जुलुश के दौरान छबील एवं शरबत पिलाई गई। थानाधिकारी ताराचंद यादव के नेतृत्व में जुलुश के दौरान कानून व्यवस्था बनाये रखने के पुलिस व्यवस्था चाक चौबंद नजर आई।

## पाइप लाइन के लीकेज दुरूस्त करवाने की मांग

निसं



**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** सांखला बास के निवासी राजकुमार बेड़ा ने उपखंड अधिकारी ओमप्रकाश वर्मा को एक ज्ञापन सौंपकर पानी निकासी हेतु डाली गई पाइप लाइन को दुरूस्त करवाये जाने की मांग की है। ज्ञापन में बताया गया है कि गत वर्ष आपदा में चापटिया तलाई से बरसाती पानी की निकासी के लिए टीकूराम मंडा के खेत से हमारे खेत तक पाइप लाइन नगरपरिषद सुजानगढ़ द्वारा डाली गई थी। लेकिन पाइप लाइन जगह-जगह से लीकेज हो गई। जिसकी जांच करवाकर लीकेज दुरूस्त की जावें।

## ड्राइव्ह ने महेंद्र सिंह धोनी को बनाया ब्रांड एंबेसडर

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** भारतीय ऑटोमोटिव आफ्टरमार्केट उद्योग के लिए एक महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक घोषणा करते हुए ड्राइव्ह ने भारत के सबसे प्रतिष्ठित क्रिकेट आइकन महेंद्र सिंह धोनी को अपना नेशनल ब्रांड एंबेसडर नियुक्त किया है। ड्राइव्ह, टेनेको का समर्पित आफ्टरमार्केट बिजनेस ग्रुप है, जिसने ऑटोमोटिव उद्योग के कई भरोसेमंद ब्रांड्स को एक मजबूत आफ्टरमार्केट पहचान के तहत एक साथ लाया है। यह साझेदारी ड्राइव्ह की किसी सेलिब्रिटी ब्रांड एंबेसडर के साथ पहली आधिकारिक एसोसिएशन है। यह भारत के रणनीतिक महत्व को रेखांकित करती है और देश के तेजी से विकसित हो रहे ऑटोमोटिव आफ्टरमार्केट में ड्राइव्ह की दीर्घकालिक प्रतिबद्धता को और मजबूत बनाती है। कंपनी खुद को एक व्यापक, विश्वसनीय और भविष्य के लिए तैयार हाउस ऑफब्रांड्स के रूप में स्थापित कर रही है। ड्राइव्ह के प्रेसिडेंट चितंन सोपारीवाला ने कहा कि ड्राइव्ह के कई ब्रांड्स वैश्विक स्तर पर 100 वर्षों से अधिक समय से ग्राहकों की सेवा कर रहे हैं, और हम आने वाले अगले शतक को लेकर भी उतने ही उत्साहित हैं जितने पहले शतक को लेकर थे। एमएस धोनी उन्हीं स्थायी मूल्यों का प्रतिनिधित्व करते हैं जो हमारे ब्रांड्स की पहचान हैं कृ नेतृत्व, निरंतरता, विनम्रता और महत्वपूर्ण समय पर प्रदर्शन करने की क्षमता।

भारतीय उपमहाद्वीप में अपनी उपस्थिति को और मजबूत करते हुए हमें उनके साथ साझेदारी कर अत्यंत खुशी हो रही है।

# तरुण सागर महाराज का 59 वां जन्मदिन मनाया

सुरेन्द्र शर्मा



**सीकर ( नवयत्न )।** कड़वे प्रवचनों के लिए मशहूर क्रांतिकारी राष्ट्रसंत समाधिस्थ मुनिश्री तरुण सागर महाराज का 59 वां जन्मदिन बुधवार को सीकर स्थित मोचीवाड़ा, श्मशान घाट में मनाया। इस दौरान संतोष विनायक्या, सुमित प्रकाश मोदी, अनिल दीवान, जुगल काला, प्रियंक गंगवाल, नवरत्न छाबड़ा, विकास जयपुरिया, पंकज सेठी, करण सिंह शेखावत आदि उपस्थित थे। उपस्थित व्यक्तियों ने श्मशान भूमि में पक्षियों के लिए परिंडे बांधे और गुरुदेव का जयकारा लगा कर तरुण सागर के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित किया और आरती की। साथ ही जीवन की सच्चाई उजागर करने वाला गीत आज जवानी पर इतरानेवाले कल पछताएगा ! चढ़ता सूरज धीरे-धीरे ढलता है ढल जाएगा. . . ! श्मशान भूमि में गूंजने लगा। प्रियंक जैन ने बताया कि तरुण सागर महाराज द्वारा नश्वरता का जिक्र करते हुए कहा गया है मुस्कुराते रहे यहां रोते हुए नहीं, हंसते हुए आना चाहिए। मौत एक जीवन की समाप्ति और दूसरे जीवन की शुरुआत है। उन्होंने कहा है कि हमें अपनी मृत्यु को नजर अंदाज नहीं करना चाहिए। मौत जीवन की कड़वी सच्चाई है, इसे स्वीकारना ही होगा। उल्लेखनीय है कि सन 2017 में क्रांतिकारी संत तरुण सागर दिल्ली से विहार करते हुए चातुर्मास के लिए सीकर जा रहे थे। तब 26 जून 2017 को उदयपुरवाटी स्थित शमशान भूमि में अपना 50 वां जन्म दिवस मनाया था। तरुण सागर महाराज के परम प्रभावक शिष्य पर्व सागर के माध्यम से संपूर्ण भारत में जन्म उत्सव पर विशेष 59000 णमो लो, सव्व साहूणं की माला का ऑनलाइन आयोजन हुआ जिसमें सीकर जैन समाज के धर्म प्रेमी बंधुओ ने विशेष रूप से भाग लिया और संपूर्ण भारत में 590 जैन मंदिरों में विशेष शांति धारा का आयोजन किया गया।

जिसमें सीकर के 11 जैन मंदिरों में से लगभग सभी जैन मंदिरों में देश व दुनिया में अपने कड़वे प्रवचनों के लिए मशहूर समाधिस्थ आचार्य क्रांतिकारी राष्ट्रसंत जैनमुनि तरुणसागर महाराज के 59 वें अवतरण पर्व पर युद्ध रहित विश्व शांति की भावना और चातुर्मास हेतु पद यात्रा कर रहे सभी साधु संतों की सुरक्षा के भाव से शांतिधारा की गई।

# खेत के कुंड में डूबने से वृद्ध की मृत्यु



निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** सुजानगढ़ से डूंगर बालाजी रोड पर स्थित एक खेत की कुंड में शुक्रवार को सुबह एक वृद्ध का शव मिला है। मामले की जानकारी मिलने पर सदर पुलिस थाने के एएसआई राजकुमार, एएसआई छगनलाल मय जाब्ते के मौके पर पहुंचे। पुलिस ने टीम हारे का सहारा संयोजक श्याम स्वर्णकार, एम्बुलेंस चालक नवरत्न बिजारणिया व लोगों की मदद से शव को बाहर निकलवाकर राजकीय बगड़िया अस्पताल की मोर्चरी में पहुंचाया। मृतक की पहचान लिछमणराम पुत्र दानाराम जाट, निवासी खीचड़ कॉलोनी सुजानगढ़ के रूप मे हुई। पुलिस को मृतक के छोटे भाई कानाराम जाट ने रिपोर्ट देकर बताया है कि मेरा भाई लिछमणाराम कृषि कार्य के लिए तीन दिन पहले खेत गया था। कृषि कार्य करते वक्त पैर फिसलने से कुंड में गिरकर लिछमण राम जाट की मौत हो गई। पुलिस ने मृतक के शव का अंत्य परीक्षण करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया है। ज्ञात रहे कि मृतक लिछमण राम अपनी पत्नी की हत्या के जुर्म में सजा काटकर जेल से 2-3 साल पहले ही रिहा होकर आया घर आया था।

# आपत्तियों का नियमानुसार निस्तारण करने के निर्देश

निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** सुजानगढ़ तहसील में नवीन भू-प्रबंध (सर्वे-रि-सर्वे) कार्य के दौरान प्राप्त आपत्तियों एवं उनके निस्तारण में खामियों की बात को स्वीकार करते हुए आपत्तियों को दुबारा नियमानुसार परीक्षित किए जाने के आदेश जिला कलक्टर चूरू द्वारा दिए गए हैं। जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा द्वारा जारी आदेशों में बताया गया है कि तहसील सुजानगढ़ में नवीन भू-प्रबंध (सर्वे-रि-सर्वे) कार्य के दौरान प्राप्त आपत्तियों एवं उनके निस्तारण के संबंध में गठित जांच समिति द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन का परीक्षण किया गया। जांच समिति द्वारा परीक्षण के दौरान विभिन्न प्रकरणों में प्रक्रियात्मक एवं तथ्यात्मक विसंगतियां, परस्पर विरोधाभासी प्रतिवेदन, समान प्रकृति के मामलों में भिन्न-भिन्न निर्णय, अनुज्ञेय सीमा संबंधी प्रावधानों के असमान अनुप्रयोग तथा आपत्तियों के निस्तारण में अन्य अनियमितताएं परिलक्षित की गई हैं। प्रकरण का परीक्षण करने पर यह आवश्यक प्रतीत होता है कि समस्त आपत्तियों का पुनः परीक्षण कराया जाए। इसलिए समस्त आपत्तियां पुनः परीक्षण हेतु सहायक भू-प्रबंध अधिकारी तहसीलदार सुजानगढ़ को प्रेषित की जाती हैं। सहायक भू-प्रबंध अधिकारी तहसीलदार सुजानगढ़ उक्त समस्त प्रकरणों का नवीन भू-प्रबंध निर्देशिका, राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 एवं प्रचलित नियमों के अनुरूप पुनः परीक्षण कर 3 सप्ताह के भीतर कारणयुक्त आदेश पारित करेंगे और विस्तृत प्रतिवेदन जिला कलक्टर कार्यालय को भिजवाना सुनिश्चित करेंगे। ज्ञात रहे कि नवीन भू प्रबंध सर्वे में अनियमतता के आरोप लगाते हुए किसान सभा अध्यक्ष तेजपाल गोदारा, सामजिक कार्यकर्ता नूर मोहम्मद खान पहाड़ियान की ओर से बार-बार प्रशासन को सौंपे गए थे।

# पल्स पोलियो जन जागरूकता रैली आज

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** चिकित्सा विभाग की ओर से 28 जून को राष्ट्रीय पल्स पोलियो टीकाकरण दिवस मनाया जाएगा। इसको लेकर शनिवार को सुबह सवा 8 बजे जन जागरूकता रैली निकाली जाएगी। रैली एसके अस्पताल सीकर से शुरू होकर कल्याण सर्किल, तापड़िया बगीची एवं शहर के विभिन्न मार्गों से गुजरते हुए वापस एसके अस्पताल पहुंचेगी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अशोक महरिया ने बताया कि प्रदेश के सभी जिलों में 28 जून को राष्ट्रीय पल्स पोलियो टीकाकरण दिवस को लेकर आमजन को जागरूक करने के लिए जन जागरूकता रैली निकाली जाएगी। जिला प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य अधिकारी डॉ विशाल सिंह कि बताया कि रैली में एएनएमटीसी एवं जीएनएम टीसी के विद्यार्थी भाग लेंगे। उन्होंने बताया कि जिले में जन्म से पांच वर्ष तक के 3 लाख 16 हजार 418 बच्चों को पोलियों की खुराक पिलाने का लक्ष्य है। इसके लिए जिले में दो सदस्य वाले 3 हजार 244 बूथ स्थापित किए जाएंगे। घर घर भ्रमण के लिए 3 हजार 244 टीमें बनाई गई है। इसके साथ ही 48 ट्रांजिट टीमें, 14 मोबाइल टीमें, 100 वैक्सीन छिपों, 342 सुपरवाइजर, 187 सेक्टर अधिकारी, 13 जोनल अधिकारी नियुक्त किए जाएंगे।

# निःशुल्क मोतियाबिंद जांच एवं लेंस प्रत्यारोपण शिविर 1 जुलाई को

निसं

**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** जिला अंधता निवारण समिति जयपुर के आर्थिक सहयोग व रोटरी क्लब श्रीमाधोपुर सनराइज तथा रामप्रताप एवं अंजना देवी कयाल हेल्प ट्रस्ट की देखरेख में शंकरा आई हॉस्पिटल, जयपुर द्वारा बुधवार 1 जुलाई को श्रीमाधोपुर के चौधरी नाथूराम भामु रोटरी भवन में 82 वां निःशुल्क मोतियाबिंद जांच और लेंस प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन किया जाएगा। क्लब के गिरिराज कयाल ने बताया कि 1 जुलाई को सुबह 9 से दोपहर 12 बजे तक आयोजित होने वाले इस शिविर में मरीजों के आंखों की जांच की जायेगी तथा इनमें से चयनित मरीजों को मोतियाबिंद ऑपरेशन और लेंस प्रत्यारोपण के लिए शंकरा आई हॉस्पिटल जयपुर बस से रैफर किया जाएगा। जहां चयनित मरीजों का निःशुल्क ऑपरेशन किया जाएगा। साथ ही चयनित मरीजों के आने-जाने की व्यवस्था से लेकर मरीजों के खानपान व रहने की व्यवस्था निःशुल्क की जाएगी। बताया गया है कि इससे पहले आयोजित 81 शिविरों में 7495 पंजीकरण, जिनमें से 2537 मरीजों की आंखों के ऑपरेशन निःशुल्क हो चुके है। शिविर में आने वाले मरीजों से आग्रह किया गया है कि वे अपने आधार कार्ड की 2 फोटो कॉपी साथ लेकर आये। यह शिविर प्रत्येक माह के पहले बुधवार को आयोजित किया जाता है।

# सैनी महामंत्री नियुक्त

सुरेन्द्र शर्मा



**सीकर ( नवयत्न )।** भाजपा में डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी शहर मंडल में संगठनात्मक नियुक्ति की गई है। जिलाध्यक्ष मनोज बाटड़ की सहमती से मंडल अध्यक्ष इंद्र शर्मा ने गिरधारी लाल सैनी को मंडल महामंत्री नियुक्त किया है। सैनी को मंडल महामंत्री नियुक्त करने पर भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने उन्हें बधाई दी। गिरधारी लाल सैनी ने मंडल महामंत्री नियुक्त करने पर मंडल अध्यक्ष इंद्र शर्मा सहित भाजपा नेतृत्व का आभार व्यक्त किया है।

# राजकीय सार्वजनिक पुस्तकालय में भामाशाह ने करवाई पेयजल व्यवस्था

निसं



**खेतड़ी ( नवयत्न )।** खेतड़ी के राजकीय सार्वजनिक पंचायत समिति पुस्तकालय में अध्ययन करने वाले विद्यार्थियों और पाठकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए भामाशाह परिवार की ओर से स्थायी एवं निःशुल्क पेयजल व्यवस्था उपलब्ध कराई गई है। इस पहल से पुस्तकालय में आने वाले सैकड़ों विद्यार्थियों को स्वच्छ पेयजल की सुविधा मिल सकेगी। जानकारी के अनुसार भामाशाह माया देवी की ओर से पुस्तकालय में दो हजार लीटर क्षमता की पानी की टंकी, मोटर तथा सभी आवश्यक फीटिंग लगवाकर पेयजल की स्थायी व्यवस्था कराई गई। इस कार्य के पूरा होने से लंबे समय से महसूस की जा रही पानी की समस्या का समाधान हो गया है। पुस्तकालय के कनिष्ठ सहायक सुमन चौधरी एवं प्रेरक जितेंद्र जांगिड़ ने बताया कि पुस्तकालय में नियमित रूप से बड़ी संख्या में विद्यार्थी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने आते हैं। ऐसे में गर्मी के मौसम और वर्षभर स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता आवश्यक थी। उन्होंने बताया कि इस संबंध में भामाशाह उमेश अग्रवाल से संपर्क किया गया, जिन्होंने सामाजिक दायित्व निभाते हुए इस कार्य को सहर्ष स्वीकार किया और शीघ्र ही पेयजल व्यवस्था उपलब्ध करवा दी। पुस्तकालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों और अन्य पाठकों ने इस जनहितकारी पहल पर भामाशाह परिवार का आभार व्यक्त किया। उनका कहना था कि अब पुस्तकालय में पढ़ाई के दौरान पेयजल की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा, जिससे अध्ययन का बेहतर वातावरण मिलेगा। पुस्तकालय प्रशासन ने भी भामाशाह परिवार की इस सराहनीय पहल की प्रशंसा करते हुए कहा कि समाज के सक्षम लोगों के सहयोग से सार्वजनिक संस्थानों में मूलभूत सुविधाओं का विस्तार संभव हो रहा है। इस अवसर पर सभी ने भामाशाह परिवार के उज्ज्वल भविष्य एवं निरंतर समाजसेवा की कामना करते हुए उनका धन्यवाद ज्ञापित किया।

# मातमी धुनों के बीच निकाला गया ताजियों का जुलूस



निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** शहर में मोहर्रम के अवसर पर मातमी धुनों के बीच ताजियों का जुलूस निकाला गया। इस साल केवल एक ही जुलूस निकाला गया, जिससे पता चला की लोगों में अब ताजियों के जुलूस के प्रति ज्यादा रूचि नहीं रही है। जुलूस में करीब 150 लोगों ने भाग लिया और पारंपरिक तरीके से ढोल बजाये गए।

सतर्कता के तौर पर पुलिस जाब्ता भी साथ में चल रहा था। पैगम्बर ए इस्लाम हजरत मुहम्मद साहब के नवासे हजरत इमाम हुसैन और उनके साथियों की शहादत की याद में मातमी धुनों के बीच ताजिये का जुलूस गांधी चौक, घंटाघर आदि स्थानों से होकर गुजरा। हालांकि एक छोटा ताजिया भी जुलूस में नजर आया। कुछ सालों पहले की बात करें तो शहर में 3-4 ताजियों के जुलूस अलग-अलग मोहल्लों से निकलते थे और हजारों की संख्या में लोगों की भीड़ बाजारों में होती थी। घंटाघर चौक पर ताजियों के जुलूस का संगम भी होता था। जनप्रतिनिधि भी इन जुलूस में गांधी चौक में पहुंचकर ताजियेदारों का स्वागत साफा पहनाकर करते थे लेकिन इस बार ऐसा कुछ नहीं हुआ है अपेक्षाकृत ताजियों के प्रति लोगों का रूझान कम रहा। सामाजिक कार्यकर्ता नूर मोहम्मद खान पहाड़ियान ने बताया कि मोहर्रम मातमी त्योहार है। इसे जलसे के रूप में नहीं मनाकर इस दिन समाजसेवा के कार्य, गरीबों की मदद, रोजा रखने, लोगों की भलाई करने जैसे कार्य करने चाहिए।

# 30 जून तक निपटाएं मंगला पशु बीमा के सभी क्लेम : कुमावत

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** प्रदेश में पशुपालकों के कल्याण और डेयरी क्षेत्र को मजबूत बनाने के लिए राज्य सरकार ने श्मंगला पशु बीमा योजना और सेक्स सॉर्टेड सीमन से कृत्रिम गर्भाधान योजना के क्रियान्वयन में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। पशुपालन, गोपालन, डेयरी एवं देवस्थान विभाग के कैबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत ने अधिकारियों को दोनों योजनाओं के शत-प्रतिशत लक्ष्य समयबद्ध तरीके से पूरे करने के निर्देश दिए हैं। पशुपालन निदेशालय में आयोजित राज्य स्तरीय समीक्षा बैठक में मंत्री ने कहा कि मंगला पशु बीमा योजना के तहत पशुओं का पंजीकरण, स्वास्थ्य प्रमाण पत्र जारी करने और लंबित बीमा क्लेम का निस्तारण 30 जून 2026 तक हर हाल में पूरा किया जाए। वहीं गाय, भैंस और बकरी के 100 प्रतिशत पंजीकरण का लक्ष्य 15 जुलाई 2026 तक तथा भेड़ और ऊंट के 80 प्रतिशत पंजीकरण का कार्य 15 अगस्त तक पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों और ढाणियों में विशेष शिविर लगाकर पशुओं का स्वास्थ्य परीक्षण, बीमा पंजीकरण और कृत्रिम गर्भाधान तकनीक के प्रति पशुपालकों को जागरूक करने के निर्देश दिए। कुमावत ने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में राज्य सरकार पशुपालकों की आय बढ़ाने और उन्हें आर्थिक सुरक्षा देने के लिए प्रतिबद्ध है। सेक्स सॉर्टेड सीमन तकनीक से उच्च नस्ल की दुधारू गाय-भैंसों की संख्या बढ़ेगी, जबकि मंगला पशु बीमा योजना से पशुधन के नुकसान की भरपाई सुनिश्चित होगी। उन्होंने तय समय-सीमा में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की चेतावनी भी दी।

# सर्पदंश से विवाहिता की मौत

नवरतन वर्मा

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** रतनगढ़ थाना इलाके के घूमांदा गांव में सर्प दंश से 30 वर्षीय विवाहिता की मौत का मामला सामने आया है जहाँ परिजनों की रिपोर्ट पर रतनगढ़ थाना पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया। अस्पताल चौकी प्रभारी एएसआई सुरेश कुमार ने बताया घूमांदा निवासी 30 वर्षीय मृतका सरिता के परिजनों ने रिपोर्ट दी की खेत में कृषि कार्य करते समय सरिता को सांप ने काट लिया, जिसके बाद उसकी तबियत बिगड़ गयी, परिजन सरिता को राजकीय भर्तिया अस्पताल के आपातकालीन वार्ड लेकर पहुंचे जहा चिकित्स्कों ने सरिता को मृत घोषित कर दिया। अस्पताल चौकी पुलिस ने शव को अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया जहाँ रतनगढ़ पुलिस ने पीएम की कार्रवाई करवाई है।

## नशा मुक्ति को लेकर फैलाई जागरूकता

निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** स्थानीय राजकीय बगड़िया अस्पताल में तालुका विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार अंतर्राष्ट्रीय नशा मुक्ति एवं डॉन स्कीम के तहत जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। जिसमें पीएलवी राम प्रसाद शर्मा, विजयपाल श्योराण, सरिता गोयल और कमल भार्गव आदि ने लोगों को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी दी। साथ ही निःशुल्क कानूनी सहायता के प्रावधानों के बारे में भी लोगों को जानकारी दी गई। इस अवसर पर सभी ने नशा मुक्ति की शपथ ली। कार्यक्रम में शालू वर्मा, सोहनलाल गोयल, मनसुख, मनोज सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

# मातमी धूनों व इमाम हुसैन की याद में निकला जुलूस



नवरतन वर्मा

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** रतनगढ़ में इस्लाम के पैगम्बर हजरत मुहम्मद साहब सल्ल के प्रिय नवासे हजरत इमाम हुसैन की याद में गुरुवार की रात नगर के चैजारा मस्जिद के पास ताजिये जियारत के लिए रखे गये। कर्बला स्थित हजरत इमाम हुसैन के रोजा-ए-मुबारक के रूप में ताजियों की जियारत कर अकीदतमंद अभिभूत हो गये। समाजजनों द्वारा तैयार किए गए आकर्षक ताजिए निकाले गए। गत रात्रि को चेजारा मस्जिद के ताजिये पहूंचकर आज दोपहर को निर्धारित मार्ग से मोहर्रम का जुलूस निकाला। जुलूस में शामिल हुसैन के चाहने वालों के मुंह से या हुसैन-या अब्बास और या अली की सदा निकली। जुलूस को देखने के लिए लोगों -की काफी भीड़ उमड़ी। गीतांजली मार्केट के पास विधायक पूसाराम गोदारा ने जनप्रतिनिधियों व कांग्रेस कार्यकर्ताओं सहित ताजियादारो का साफा पहनाकर स्वागत किया। इस मौके पर शहर ब्लॉक अध्यक्ष तरुण कुमार चाकलान, पूर्व प्रधान गिरधारी लाल बांगड़वा, देहात ब्लॉक अध्यक्ष भानीराम मेघवाल, सुरेंद्र हुड्डा, मुख्तयार खान, सज्जन बाटड़, पुरुषोत्तम इंदौरिया, भागीरथ खीचड़, कयूम गौरी, अजय बंसिया, जाकिर हुसैन, जगदीश खटीक, साबिर अली विनय प्रजापत, संदीप भार्गव, सहित हिंदू मुस्लिम समाज के नागरिक बड़ी संख्या में मौजुद रहें। इस दौरान बैंड बाजे मातमी धुनों में बजाते और हजरत इमाम हसन-हुसैन व अहले खानदान की शहादत बयां करते चल रहे थे। हुसैन के चाहने वालों के लिए जगह-जगह ठंडे पानी व शर्बत की छबील व खीर तकसीम की गई। वहीं अकीदतमंदों ने मुराद पूरी होने पर चांदी व सोने के नींबू, अनार आदि को अलम बांधा।

इस मौके विभिन्न अखाड़ा के लोगों ने लाठियां चलाने, ढोल व ताशे बजाने सहित कई करतब दिखाए। निर्धारित समय पर कर्बला पहुंचकर ताजियों को दफनाया गया। पुलिस की माकुल व्यवस्था रही।

# संयुक्त निदेशक ने निरीक्षण कर सरकारी अस्पतालों की व्यवस्थाओं को परखा

सुरेन्द्र शर्मा



**सीकर ( नवयत्न )।** चिकित्सा विभाग के संयुक्त निदेशक एवं राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के परियोजना निदेशक डॉ सत्यनारायण धौलपुरिया ने शुक्रवार को जिले के चिकित्सा संस्थानों का निरीक्षण किया। उन्होंने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र रोलसाहबसर, उप जिला चिकित्सालय फतेहपुर, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ढांढण का निरीक्षण किया। उन्होंने अस्पतालों की ओपीडी में आने वाले रोगियों के लिए की गई व्यवस्थाओं, स्टॉफ की उपस्थिति, जांचों की स्थिति, उपकरणों का रखरखाव आदि का जायजा लिया। चिकित्सा अधिकारी प्रभारियों को लेबर रूम में विशेष साफ सफाई रखने एवं लेबर रूम में कल्चर जांच के निर्देश दिए। मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य कार्यक्रम, मौसमी बीमारियों की रोकथाम, दवाइयों की उपलब्धता, हब एंड स्पोक लैब आदि व्यवस्थाओं को परखा। चिकित्सकों एवं कार्मिकों की उपस्थिति, भवन की स्थिति, फायर सैफ्टी उपकरण, इलेक्ट्रिक ऑडिट, दवाइयों की उपलब्धता, दवाइयों का रखक्रय की गई दवाइयों की लैब में जांच करवाने, खरीदी गई दवाइयों की आईएचएमस पोर्टल पर इंद्राज करने के निर्देश दिए। साथ ही सोनोग्राफी, एक्स-रे मशीन की स्थिति, रैफरल सिस्टम को परखा। उन्होंने वार्ड में भर्ती रोगियों से उनको दी गई सेवाओं की जानकारी भी ली। इस दौरान उनके साथ अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ हर्षल चौधरी भी मौजूद थे।

# शरबत और फलों के वितरण से दिया मानवता का संदेश

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** निर्जला एकादशी के पावन अवसर पर नृत्यम फाउंडेशन की ओर से सुल्तान नगर कच्ची बस्ती में जरूरतमंद लोगों को शरबत एवं फलों का वितरण कर सेवाए समरसता और मानवता का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों ने भाग लिया और सेवा कार्य की सराहना की। इस अवसर पर नृत्यम फाउंडेशन की अध्यक्षा काजल सैनी, संतोष सैनी, पूर्वांशी सैनी, सिद्धि सैनी तथा प्रवासी संघ राजस्थान के प्रदेश अध्यक्ष भीम सिंह कासनिया ने वितरण कार्य में सक्रिय सहयोग किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रवासी संघ राजस्थान के प्रदेश अध्यक्ष भीम सिंह कासनिया ने कहा कि सनातन संस्कृति के व्रतए पर्व और त्योहार केवल धार्मिक आस्था तक सीमित नहीं हैं, बल्कि सेवाए समरसता और सामाजिक एकता के सशक्त माध्यम भी हैं। उन्होंने कहा कि सभी पर्व समाज के हर वर्ग के साथ मिलकर मनाने चाहिए, ताकि सनातन संस्कृति की एकताए उदारता और मानव सेवा की भावना और अधिक मजबूत हो सके। नृत्यम फाउंडेशन की अध्यक्षा काजल सैनी ने कहा कि फाउंडेशन समाज के जरूरतमंद एवं वंचित वर्ग के लिए भविष्य में भी इसी प्रकार के सेवा कार्य निरंतर करता रहेगा। उन्होंने कहा कि सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है और ऐसे आयोजन समाज में सकारात्मक ऊर्जा तथा आपसी सहयोग की भावना को बढ़ावा देते हैं। कार्यक्रम के दौरान जरूरतमंद लोगों को शरबत एवं फल वितरित किए गए। भीषण गर्मी के बीच आयोजित इस सेवा अभियान से लाभार्थियों ने राहत महसूस की और आयोजकों के प्रति आभार व्यक्त किया। फाउंडेशन के इस प्रयास को स्थानीय लोगों ने मानव सेवा और सामाजिक सरोकार की प्रेरणादायी पहल बताया।

## सम्पादकीय

# नागरिकता का प्रमाण




विदेश मंत्रालय के इस स्पष्टीकरण ने कि पासपोर्ट यात्रा का दस्तावेज है, नागरिकता का प्रमाण नहीं, एक बहस को जन्म दे दिया है तो इसीलिए, क्योंकि आम धारणा यही थी कि पासपोर्ट नागरिकता का सबसे पुष्ट प्रमाण होता है। यह आम धारणा इसके बाद भी थी कि पासपोर्ट एक्ट ऐसा नहीं कहता। इस एक्ट के अनुसार विशेष परिस्थितियों में गैर-भारतीयों को भी पासपोर्ट जारी किया जा सकता है। उच्च न्यायालयों ने भी यही निर्णय दिया है कि पासपोर्ट नागरिकता का प्रमाण नहीं है।

विदेश मंत्रालय के स्पष्टीकरण के बाद इस पर बहस होना स्वाभाविक है कि यदि पासपोर्ट नागरिकता का प्रमाण नहीं है तो फिर क्या है? यह प्रश्न इसलिए भी सतह पर है, क्योंकि हाल में और विशेष रूप से कुछ राज्यों में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण यानी एसआइआर के वक्त यह कहा गया कि आधार भी नागरिकता का प्रमाण नहीं है। इसी तरह पैन, ड्राइविंग लाइसेंस, मतदाता पहचान पत्र, राशन कार्ड इत्यादि भी नागरिकता के प्रमाण पत्र नहीं माने गए। यह सही है कि नागरिकता का निर्धारण सिटिजनशिप एक्ट के तहत होता है, लेकिन समस्या यह है कि देश के लोगों को किसी तरह का नागरिकता प्रमाण पत्र जारी नहीं किया जाता। सिटिजनशिप एक्ट यह तो बताता है कि जन्म, वंश, देश में लंबी अवधि तक रहने और कुछ अन्य आधारों पर नागरिकता तय होती है, लेकिन अपने देश में अन्य देशों की तरह नागरिकता का कोई विशिष्ट प्रमाण पत्र जारी नहीं किया जाता। विश्व के विकसित और यहां तक कि कई विकासशील देशों में यह काम किया जाता है। इसका सबसे बड़ा लाभ यह होता है कि इन देशों के लोगों को अपनी नागरिकता सिद्ध करने के लिए तरह-तरह के दस्तावेजों का सहारा नहीं लेना पड़ता। चूंकि सिटिजनशिप एक्ट इसकी सिफारिश करता है कि भारत सरकार प्रत्येक नागरिक का अनिवार्य पंजीकरण कर सकती है, राष्ट्रीय पहचान पत्र जारी कर सकती है और अपने नागरिकों का रजिस्टर यानी एनआरसी तैयार कर सकती है, इसलिए यह काम किया ही जाना चाहिए। हालांकि अतीत में नागरिकता प्रमाण पत्र के लिए एनआरसी लाने और आधार को एनआरसी से जोड़ने की कोशिश की गई, लेकिन कुछ हो नहीं सका। इसके बाद नागरिकता कानून में संशोधन करने यानी सीएए बनाने के बाद एनआरसी की आवश्यकता जताई गई, लेकिन उसके खिलाफ दुष्प्रचार के तहत एक अभियान छेड़ दिया गया। इससे राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर तैयार करने की पहल ठंडे बस्ते में चली गई। अभी तक केवल असम में नागरिक रजिस्टर तैयार किया जा सका है। उचित यह होगा कि शेष देश में भी ऐसा ही किया जाए और एनआरसी तैयार कर लोगों को नागरिकता प्रमाण पत्र दिए जाएं। यह पहल घुसपैठियों की पहचान करने के साथ कई अन्य समस्याओं का भी समाधान करेगी।

## विशेष आलेख

# बड़ा मिशन लेकर सेशेल्स जा रहे हैं मोदी

## हिंद महासागर में भारत का मास्टरस्ट्रोक देखेगी दुनिया



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 27 से 29 जून तक होने वाली सेशेल्स यात्रा हिंद महासागर क्षेत्र में भारत की सामरिक सक्रियता और वैश्विक भूमिका को नई दिशा देने वाली महत्वपूर्ण कूटनीतिक पहल मानी जा रही है। सेशेल्स के राष्ट्रीय दिवस की स्वर्ण जयंती में मुख्य अतिथि के रूप में मोदी की भागीदारी यह संकेत देती है कि भारत अब हिंद महासागर में अपने मित्र देशों के साथ सुरक्षा, विकास और समुद्री सहयोग को और मजबूत करने की रणनीति पर तेजी से आगे बढ़ रहा है।

हम आपको बता दें कि सेशेल्स 115 द्वीपों वाला छोटा द्वीपीय राष्ट्र है, लेकिन इसकी भौगोलिक स्थिति अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह मोजाम्बिक चैनल के निकट उन समुद्री मार्गों पर स्थित है, जहां से विश्व व्यापार का बड़ा हिस्सा गुजरता है। इसी कारण अमेरिका, चीन और यूरोपीय शक्तियां भी इस क्षेत्र में प्रभाव बढ़ाने का प्रयास कर रही हैं। ऐसे समय में भारत का सेशेल्स के साथ संबंध मजबूत करना हिंद महासागर में शक्ति संतुलन के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

इस यात्रा का सबसे बड़ा आकर्षण भारत द्वारा सेशेल्स तटरक्षक बल को एक तीव्र गश्ती पोत सौंपना है। इससे पहले भारत दो डोर्नियर विमान, कई गश्ती नौकाएं तथा तटीय निगरानी राडार प्रणाली भी सेशेल्स को प्रदान कर चुका है। भारतीय रक्षा कर्मियों की तैनाती और संयुक्त सैन्य अभ्यासों ने दोनों देशों के रक्षा सहयोग को नई ऊंचाई दी है। समुद्री डकैती, मादक पदार्थों की तस्करी, अवैध मछली पकड़ने तथा अन्य अंतरराष्ट्रीय अपराधों से निपटने में सेशेल्स भारत पर भरोसा करता है। यही कारण है कि यह यात्रा हिंद महासागर में सामूहिक सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में एक निर्णायक कदम मानी जा रही है। हम आपको बता दें कि भारत की महासागर दृष्टि के अंतर्गत सेशेल्स को विशेष स्थान प्राप्त है। भारत अब केवल द्विपक्षीय संबंधों तक सीमित नहीं रहना चाहता, बल्कि वह पूरे हिंद महासागर क्षेत्र में एक भरोसेमंद सुरक्षा साझेदार की भूमिका निभा रहा है। सेशेल्स का कोलंबो सुरक्षा सम्मेलन में पूर्ण सदस्य बनने का संकेत भी इसी व्यापक रणनीति का हिस्सा है। इस समूह में भारत, मालदीव, मॉरीशस और श्रीलंका पहले से शामिल हैं। यदि सेशेल्स भी पूर्ण सदस्य बनता है, तो हिंद महासागर में भारत के नेतृत्व वाली क्षेत्रीय सुरक्षा संरचना और मजबूत होगी।

हम आपको बता दें कि मोदी और सेशेल्स के राष्ट्रपति पैट्रिक हरमिनी के बीच होने वाली वार्ता में रक्षा सहयोग के साथ ऊर्जा, स्वास्थ्य, डिजिटल शासन, समुद्री निगरानी और नवीकरणीय ऊर्जा जैसे विषयों पर भी चर्चा होगी। फरवरी 2026 में भारत ने सेशेल्स के लिए 175 मिलियन डॉलर के विशेष आर्थिक पैकेज की घोषणा की थी, जिसमें ऋण सहायता और अनुदान दोनों शामिल हैं। इसके अंतर्गत स्वास्थ्य, शिक्षा, आवास, सौर ऊर्जा, समुद्री सुरक्षा और आधारभूत ढांचे से जुड़ी अनेक परियोजनाएं शुरू की जा रही हैं। यह दर्शाता है कि भारत केवल सामरिक हितों तक सीमित नहीं है, बल्कि वह विकास साझेदारी के माध्यम से भी अपने मित्र देशों के साथ दीर्घकालिक संबंध बना रहा है।

हम आपको बता दें कि भारत और सेशेल्स के संबंध ऐतिहासिक और सांस्कृतिक दृष्टि से भी अत्यंत गहरे हैं। वर्ष 1770 में भारतीयों का पहला समूह वहां पहुंचा था। आज लगभग 15 हजार भारतीय मूल के लोग वहां रहते हैं, जो कुल जनसंख्या का बड़ा हिस्सा हैं। गुजराती और तमिल समुदाय व्यापार, निर्माण और अन्य क्षेत्रों में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। मोदी का भारतीय समुदाय से संवाद दोनों देशों के सामाजिक संबंधों को और मजबूत करेगा।

यह यात्रा वैश्विक राजनीति के दृष्टिकोण से भी महत्वपूर्ण है। पिछले कुछ वर्षों में चीन ने हिंद महासागर क्षेत्र में अपने प्रभाव का तेजी से विस्तार किया है। चीन की समुद्री परियोजनाएं, बंदरगाह निवेश और सामरिक उपस्थिति भारत के लिए चिंता का विषय रही हैं। ऐसे में सेशेल्स जैसे देशों के साथ भारत का गहरा सहयोग यह स्पष्ट संदेश देता है कि हिंद महासागर में भारत अपनी पारंपरिक भूमिका को और सशक्त बना रहा है। भारत की नीति अब केवल पड़ोसी प्रथम तक सीमित नहीं रही, बल्कि वह ग्लोबल साउथ के नेतृत्वकर्ता के रूप में भी उभरना चाहता है। सेशेल्स यात्रा इसी व्यापक रणनीतिक सोच का हिस्सा है।

इस यात्रा का एक और महत्वपूर्ण पहलू यह है कि प्रधानमंत्री मोदी सेशेल्स की राष्ट्रीय सभा के विशेष अधिवेशन को संबोधित करने वाले पहले भारतीय प्रधानमंत्री होंगे। यह दोनों देशों के राजनीतिक विश्वास और घनिष्ठता का प्रतीक माना जा रहा है। भारतीय नौसेना के युद्धपोतों और रक्षा दल की भागीदारी भी यह दिखाती है कि दोनों देशों के संबंध केवल कूटनीतिक नहीं, बल्कि रणनीतिक साझेदारी में बदल चुके हैं।

बहरहाल, प्रधानमंत्री मोदी की सेशेल्स यात्रा हिंद महासागर में भारत की बढ़ती सामरिक शक्ति, समुद्री सुरक्षा नीति और वैश्विक प्रभाव का महत्वपूर्ण संकेत है। यह यात्रा भारत को क्षेत्रीय सुरक्षा संरचना के केंद्र में स्थापित करने के साथ-साथ चीन की बढ़ती सक्रियता के बीच संतुलन बनाने में भी सहायक होगी। विकास सहायता, रक्षा सहयोग, सांस्कृतिक संबंध और समुद्री साझेदारी के माध्यम से भारत यह संदेश दे रहा है कि वह हिंद महासागर क्षेत्र में स्थिरता, सुरक्षा और साझा समृद्धि का सबसे भरोसेमंद साझेदार बनना चाहता है।

## आज का राशिफल (06 सितम्बर 2023, शुक्रवार)

### मेष
पूँजी निवेश बढ़ेगा। पहले किए गए कार्यों का लाभदायी फल आज मिल सकेगा। संतान के कामों से खुशी होगी। चोट, चोरी व विवाद आदि से हानि संभव है। पुराना रोग उभर सकता है।

### वृष
आमदनी बढ़ेगी। रुका धन मिलने से निवेश में वृद्धि होने के योग हैं। उदर संबंधी विकार हो सकते हैं। विवाद से क्लेश होगा। शारीरिक कष्ट संभव है। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे।

### मिथुन
पूँजी निवेश बढ़ेगा। पहले किए गए कार्यों का लाभदायी फल आज मिल सकेगा। संतान के कामों से खुशी होगी। चोट, चोरी व विवाद आदि से हानि संभव है। पुराना रोग उभर सकता है।

### कर्क
जोखिम व जमानत के कार्य टालें। परिवार की स्थिति अच्छी रहेगी। रचनात्मक काम करेंगे। कर्मचारियों पर निगाह रखें। परिवार की समस्या का उचित समाधान होगा।

### सिंह
यात्रा सफल रहेगी। आपसी मतभेद, मनमुटाव बढ़ेगा। किसी से मदद की उम्मीद नहीं रहेगी। आर्थिक समस्या बनी रहेगी। व्यसनाधीनता से बचें। व्यापार, रोजगार मध्यम रहेगा।

### कन्या
घर-बाहर तनाव रहेगा। विवाद को बढ़ावा न दें। जल्दबाजी न करें। नई योजना बनेगी। नए अनुबंध होंगे। किसी मामले में कटु अनुभव मिल सकते हैं। सरकारी, कानूनी विवाद सुलझेंगे।

### तुला
दूसरों के झगड़ों में न पड़ें। अपने काम पर ध्यान दें। लाभ होगा। पार्टी व पिकनिक का आनंद मिलेगा। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा। आय में निश्चितता रहेगी।

### वृश्चिक
जोखिम, लोभ, लालच से बचें। नया काम, व्यवसाय आदि की बात बनेगी। धर्म-कर्म में रुचि रहेगी। यात्रा सफल रहेगी। धन प्राप्ति सुगम होगी। कानूनी बाधा दूर होकर लाभ होगा।

### धनु
स्वयं का सोच अनुकूल रहेगा। रिश्तेदारों से संबंधों की मर्यादा बनाए रखें। चोट व रोग से बाधा संभव है। बेचैनी रहेगी। भूमि व भवन संबंधी बाधा दूर होगी। रोजगार मिलेगा।

### मकर
शारीरिक कष्ट से बाधा संभव है। भागदौड़ रहेगी। घर-परिवार का सहयोग प्राप्त होगा। राजकीय सहयोग मिलेगा। कार्यकुशलता सहयोग से लाभान्वित होंगे। काम में मन लगेगा।

### कुंभ
संतान के स्वास्थ्य में सुधार होगा। सोचे कामों में मनचाही सफलता मिलेगी। व्यापारिक निर्णय समय पर लेना होंगे। पुरानी बीमारी उभर सकती है। पार्टी व पिकनिक का आनंद मिलेगा।

### मीन
विद्यार्थी वर्ग को सफलता मिलेगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। प्रमाद न करें। नए कार्यों, योजनाओं की चर्चा होगी। लाभदायी समाचार आएँगे। समाज में आपके कार्यों की प्रशंसा होगी।

## स्वास्थ्य समाचार

# फिजिकल और मेंटल हेल्थ को बेहतर बनाए रखने के लिए जरूरी हैं यह पिलर

हेल्दी लाइफस्टाइल के लिए जरूरी है कि व्यक्ति स्वस्थ रहे, खुश रहे और बीमारियों से भी खुद को दूर रखने की कोशिश करें। अक्सर जब हेल्दी लाइफस्टाइल की बात आती है तो लोग समय पर सोना, समय पर उठना, घर का बना भोजन खाने को ही एक स्वस्थ जीवनशैली के साथ जोड़ते हैं, लेकिन ऐसा नहीं है। स्वस्थ रहने के लिए जरूरी है कि आप पूरी तरह अपने जीवन में बदलाव करें।

**चीनी, मैदा और बीज के तेल का कम सेवन :** ज्यादा चीनी, मैदा और बीज के तेल का सेवन करने से बचें। प्रसंस्कृत कार्बोहाइड्रेट और अस्वास्थ्य वसा को डाइट से कम करके बेहतर स्वास्थ्य में योगदान देता है। ब्लड शुगर लेवल और वजन भी कंट्रोल में रहता है।

**ठंडे पानी से नहाना :** ठंडे पानी से नहाने से कई तरह के स्वास्थ्य लाभ हो सकते हैं, जैसे ब्लड सर्कुलेशन में सुधार, मूड बेहतर होना। ठंडे पानी से स्नान करने से मांसपेशियों भी मजबूत रहती हैं और इम्यूनिटी सिस्टम भी मजबूत रहता है।

**वजन उठाएं और हाई-इंटेंसिटी इंटरवल ट्रेनिंग करें :** वजन उठाना और हाई-इंटेंसिटी इंटरवल ट्रेनिंग को अपने फिटनेस रूटीन में शामिल करना आपके समग्र स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद हो सकता है। वजन उठाने से मांसपेशियोां मजबूत होती हैं, मेटाबॉलिज्म बढ़ता है, और हड्डियों के घनत्व को बढ़ाने में मदद मिलती है। हाई-इंटेंसिटी इंटरवल ट्रेनिंग हृदय संबंधी फिटनेस में सुधार, कैलोरी बर्न करने और वजन घटाने में मदद कर सकता है।

**ध्यान :** मेडिटेशन तनाव को कम करने, फोकस और एकाग्रता में सुधार करने और रिल्केस को बढ़ावा देने में मदद करने के लिए जाना जाता है। नियमित मेडिटेशन को बेहतर नींद, निम्न ब्लड प्रेशर और मजबूत प्रतिरक्षा प्रणाली से भी जोड़ा जाता है।

**रोजाना 7 से 9 घंटे की नींद :** रोजना 7 से 9 घंटे की पर्याप्त नींद लेना समग्र स्वास्थ्य और स्वस्थ जीवनशैली के लिए महत्वपूर्ण है। पर्याप्त नींद शारीरिक और मानसिक सुधार में मदद करती है।

**रोजाना थोड़ा समय धूप में बिताना :** संपूर्ण स्वास्थ्य के लिए पर्याप्त मात्रा में धूप लेना बहुत जरूरी है। सूरज की रोशनी के संपर्क में आने से शरीर में विटामिन डी की कमी पूरी होती है, जो हड्डियों को मजबूत बनाने में मदद करते हैं। बाहर धूप में समय बिताने से आपका मूड अच्छा हो सकता है और नींद की गुणवत्ता में सुधार हो सकता है।

**प्रकृति में बाहर निकलो :** प्रकृति में समय बिताने से तनाव कम हो सकता है, ब्लड प्रेशर कंट्रोल रहता है और मूड भी बेहतर रहता है। पैदल चलना, पार्क में टहलने से आपके स्वास्थ्य पर सकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है।

### स्नैकिंग करना बंद करें

अनावश्यक स्नैकिंग को कम करना या खत्म करने से आप कम कैलोरी का सेवन करते हैं और हेल्दी खाना अपनी डाइट में शामिल करते हैं। स्नैकिंग से आपका वजन तेजी से बढ़ सकता है, दिल से जुड़ी बीमारी का खतरा बढ़ जाती है और ब्लड शुगर लेवल बढ़ने का जोखिम भी बना रहता है।

### जीवन में एक उद्देश्य रखें

जीवन का एक उद्देश्य होना आपके जीवन के लिए और स्वास्थ्य के लिए बहुत जरुरी है। यह आपको हर दिन जागने का कारण देता है, उस उद्देश्य तक पहुंचने के लिए आप खुद को हेल्दी रखने की कोशिश करते हैं।





# स्मोकिंग छोड़ने में आ रही है दिक्कत तो यह टिप्स आएंगे आपके काम

सिगरेट से होने वाले नुकसान से हम सभी वाकिफ हैं। बाकायदा सिगरेट के पैकेट पर इसका नुकसान साफ-साफ लिखा होता है। वहीं डब्ल्यूएचओ की माने तो स्मोकिंग के कारण हर साल 8 मिलियन से अधिक लोगों की मौत होती है। इसके साइड इफेक्ट्स जानने के बाद कई लोग सिगरेट छोड़ने का इरादा बनाते हैं, लेकिन इससे पीछे हट जाते हैं। कई लोग तो नए साल पर सिगरेट छोड़ने का रिजॉल्यूशन भी लेते हैं, लेकिन अफसोस लत ऐसी होती है कि सिगरेट छोड़ना नामुमिक हो जाता है।



**धीरे-धीरे कदम बढ़ाएं :** कुछ लोग चेनस्मोकर्स होते हैं,ऐसे लोगों के लिए अचानक से सिगरेट छोड़ना मुश्किल होता है। ऐसे लोगों को धीरे-धीरे कदम बढ़ाना चाहिए। अगर आप एक दिन में 6 सिगरेट पीते हैं तो आप इसे 4 पर लाएं, फिर किसी दिन दो ही पिएं। इसके अगले दिन बिलकुल भी ना पिएं। ऐसा करने में हफ्तों लग जाएंगे और फिर आपको एहसास होगा कि आप बिना सिगरेट के भी रह सकते हैं।

**सही माहौल चुने :** कई बार लोग सिगरेट पीने का इरादा तो बना लेते हैं लेकिन जब आस पास के लोगों को सिगरेट पीता देखते हैं तो दोबारा से सिगरेट पीने का मन हो जाता है। सिगरेट की लत छोड़ना चाहते हैं तो ऐसे माहौल और संगत से दूर रहें। ऐसे माहौल में रहें जहां से आपको सिगरेट छोड़ने की प्रेरणा मिले।

**तंबाकू छोड़ो एप का सहारा :** सिगरेट की लत छोड़ने के लिए तंबाकू छोड़ो एप का सहारा ले सकते हैं। इस एप को विश्व स्वास्थ्य संगठन यानि डब्ल्यूएचओ ने लॉन्च किया है। ये ऐप यूजर्स की पहचान करने, उनके लक्ष्य को तय करने और क्रेविंग पर रोक लगाने में मदद करता है।

**खुद को डिइवर्ट करें :** जब भी सिगरेट पीने की तलब हो तो खुद से थोड़ा इंतेजार करने को कहें। इस दौरान आप अपने मन को भटकाने की कोशिश करें। जैसे परिवार वालों के पास बैठें, अपनी पसंदीदा संगीत सुनें, कुछ पसंदीदा स्नैक्स ट्राई करें। घर में ही कुछ एक्सरसाइजकरें, इससे आपकी तलब कम हो सकती है।

**निकोटिन रिप्लेसमेंट थेरेपी :** आप निकोटिन रिप्लेसमेंट थेरेपी का सहारा भी ले सकतेहैं। इस थेरेपी को डब्ल्यूएचओ ने मंजूरी दी है। इस थेरेपी में कम निकोटिन की मात्रा वाले उत्पादों का इस्तेमाल किया जाता है। इसके तहत निकोटिन के चुइंगम, स्प्रे, इनहेलर,पैच दिए जाते हैं। इसका मकसद निकोटिन की मात्रा को कम कर धीरे-धीरे लत को दूर करना होता है।

# ज्यादा पानी पीने से हो सकती है वॉटर टॉक्सिसिटी की समस्या

हमने बचपन से सुना होता है कि पानी पीना हमारी सेहत के लिए बहुत फायदेमंद है। यह शरीर से टॉक्सिन्स निकालने के साथ हमें हेल्दी रखने में भी मदद कर सकता है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि जरूरत से ज्यादा पानी पीना भी आपकी सेहत के लिए नुकसानदायक हो सकता है?

### क्या है वॉटर टॉक्सिसिटी

वॉटर टॉक्सिसिटी एक प्रकार की स्थिति होती है, जो एक बार में ज्यादा पानी पीने के कारण होने लगती है। ऐसे में किडनी में पानी जमा होने लगता है, साथ ही ब्लड में सोडियम की मात्रा कम हो जाती है। इस कारण शरीर पानी को पचाने में मुश्किल होती है, जो कई परेशानियों का कारण बनने लगता है।

### वॉटर टॉक्सिसिटी के लक्षण

वॉटर टॉक्सिसिटी यानि पानी के ज्यादा सेवन से शरीर में ओवर हाइड्रेशन होना। ऐसे में शरीर पानी को सोख नहीं पाता और उसे शरीर से बाहर निकालने की कोशिश करता है।

- ओवर हाइड्रेशन के कारण व्यक्ति को थकावट, सुस्ती और एनर्जी की कमी महसूस हो सकती है।
- ऐसे में अचानक सिरदर्द या शरीर में दर्द की परेशानी होने लगती है।
- मसल्स में दर्द और कमजोरी होते जाना।
- जी मिचलाना या उल्टी-मतली जैसा महसूस होना।
- बार-बार यूरिनेट के लिए जाने की जरूरत होना।
- वॉटर टॉक्सिसिटी से बचने के लिए अपनाएं ये टिप्स
- अगर आपको एक्सरसाइज के दौरान ज्यादा पानी पीने की आदत है, तो इलेक्ट्रोलाइट्स का सेवन करें।
- जूस और नारियल पानी जैसी इलेक्ट्रोलाइट्स की प्राकृतिक चीजों का सेवन करें।
- ज्यादा प्यास लगने पर भी ज्यादा पानी एक बार में नहीं पियें।
- हमेशा अपनी क्षमता के मुताबिक ही पानी पियें।

# मूर्तियों की मंदिर में की गई स्थापना



निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** स्थानीय श्री लक्ष्मीनाथ मंदिर बागड़ा मंदिर में चल रहे तीन दिवसीय शिवलिंग प्राण प्रतिष्ठा समारोह के दूसरे दिन अनेक धार्मिक कार्यक्रम आयोजित हुए। शुक्रवार को प्रात: काल भगवान शिव और शिव परिवार को 71 किलो फलों के साथ फलाधिवास और पुष्पाधिवास में विराजमान किया गया। तत्पश्चात अव्वाहित देवताओं का पूजन अर्चन किया गया। शाम को भगवान का हवन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। इसके बाद भगवान का शिवलिंग विग्रह और मूर्तियों की मंदिर में पूजा के लिए स्थापना की गई।

मुख्य यजमान शांति देवी और उनके परिवार के सदस्यों के साथ सभी ने भगवान की आरती की। समाज के कोषाध्यक्ष गौतम बागड़ा ने बताया कि मुख्य पुजारी सुरेंद्र गौड़ और पंडित बृजमोहन सुरोलिया के आचार्यत्व में पूजा अर्चना करवाई जा रही है। इसी प्रकार शनिवार को अभिजीत मुहूर्त में मूर्ति स्थापना की जाएगी और प्रसाद वितरण होगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में समाज के मंत्री सतीश खोज, ओमप्रकाश बोहरा, राजेंद्र प्रसाद खोज, निर्मल पतालिया,, दामोदर बूरा, राधेश्याम बोहरा, हीरालाल मोगरा, नौरतनमल बछेरा, संदीप बूरा, हेमशंकर बोहरा, डूंगरमल नाई, प्रेम नाई आदि ने सहयोग किया।

# घरेलू मोर्चे पर झटके खा रहे राष्ट्रपति ट्रंप पर पड़े असर के राजनीतिक व कूटनीतिक मायने

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को हाल के दिनों में घरेलू मोर्चे पर दो बड़े झटके लगे हैं, जिनका असर उनकी राजनीतिक ताकत, चुनावी रणनीति और राष्ट्रपति पद की सीमाओं पर पड़ सकता है। लिहाजा विश्व राजनीति और कूटनीति पर भी इन घटनाओं का असर लाजिमी है। पहले हम बात करते हैं, उन दो बड़े झटके का-जहां पहला झटका: मतदान संबंधी आदेश पर अदालत की रोक का है, वहीं दूसरा झटका राष्ट्रपति की शक्तियों पर बढ़ता न्यायिक अंकुश है।

उल्लेखनीय है कि एक संघीय न्यायाधीश ने ट्रंप प्रशासन के उस आदेश को असंवैधानिक बताते हुए रोक दिया, जिसमें मतदाता पंजीकरण के लिए नागरिकता का दस्तावेजी प्रमाण अनिवार्य करने की कोशिश की गई थी। अदालत ने कहा कि चुनावी नियम तय करना राष्ट्रपति का नहीं बल्कि राज्यों और कांग्रेस का अधिकार है। वहीं दूसरी ओर ट्रंप की कई नीतियां—जैसे व्यापक टैरिफ, दूसरी प्रशासनिक एजेंसियों पर नियंत्रण और कुछ आव्रजन कदम—अदालतों में चुनौती का सामना कर रही हैं। गौरतलब है कि इसी वर्ष अमेरिकी सर्वोच्च न्यायालय ने उनके व्यापक टैरिफ अधिकारों को खारिज करते हुए कहा कि कराधान और शुल्क निर्धारण का मूल अधिकार कांग्रेस के पास है। इसे ट्रंप के आर्थिक एजेंडे पर बड़ा आघात माना गया। यह स्थिति दुनिया के अघोषित थानेदार के लिए उचित नहीं है। इसके निम्नलिखित राजनीतिक परिणाम हो सकते हैं:-

**पहला, मजबूत राष्ट्रपति की छवि को चुनौती:** ट्रंप ने स्वयं को एक ऐसे नेता के रूप में प्रस्तुत किया है जो तेज़ी से निर्णय लेकर व्यवस्था बदल सकते हैं। अदालतों द्वारा बार-बार हस्तक्षेप होने से उनके समर्थकों के बीच यह धारणा बन सकती है कि संस्थागत ढांचा उनकी नीतियों को रोक रहा है।

**दूसरा, रिपब्लिकन आधार का और ध्रुवीकरण:** ट्रंप इन फैसलों को न्यायिक सक्रियता या डीप स्टेट की बाधा बताकर अपने समर्थकों को और अधिक संगठित करने की कोशिश कर सकते हैं। इससे रिपब्लिकन मतदाता आधार में लामबंदी बढ़ सकती है।

**तीसरा, डेमोक्रेटिक पार्टी को राजनीतिक अवसर:** डेमोक्रेट्स इन घटनाओं को संवैधानिक संस्थाओं की जीत और सत्ता के केंद्रीकरण पर अंकुश के रूप में पेश कर रहे हैं। इससे वे 2026 के मध्यावधि चुनावों में लोकतांत्रिक संस्थाओं की रक्षा का मुद्दा उठा सकते हैं।

**चौथा, कांग्रेस बनाम राष्ट्रपति की बहस तेज:** टैरिफ और चुनावी नियमों पर आए फैसलों ने यह संदेश दिया है कि अमेरिकी व्यवस्था में राष्ट्रपति की शक्तियां असीमित नहीं हैं। इससे कार्यपालिका और कांग्रेस के बीच अधिकारों की खींचतान और बढ़ सकती है।

**पांचवां, 2026 मध्यावधि चुनावों पर प्रभाव:** यदि ट्रंप अपनी प्रमुख नीतियों को लागू कराने में कठिनाई महसूस करते हैं, तो विपक्ष इसे प्रशासनिक विफलता बताएगा। वहीं ट्रंप समर्थक इसे व्यवस्था बनाम जनता की लड़ाई के रूप में प्रचारित कर सकते हैं। इसलिए ये झटके राजनीतिक रूप से नुकसान भी पहुंचा सकते हैं और ट्रंप के लिए सहानुभूति भी पैदा कर सकते हैं।

**निष्कर्षत:** यह कहा जा सकता है कि ये दोहरे झटके केवल कानूनी पराजय नहीं हैं। इनके केंद्र में अमेरिकी संविधान में राष्ट्रपति, कांग्रेस और न्यायपालिका के बीच शक्तियों का संतुलन है। आने वाले महीनों में यह संघर्ष अमेरिकी राजनीति का प्रमुख विषय बन सकता है और 2026 के मध्यावधि चुनावों की दिशा भी प्रभावित कर सकता है। खास बात तो यह कि घरेलू मोर्चे पर ट्रंप की शक्तियों को मिले इन झटकों का प्रभाव केवल अमेरिकी राजनीति तक सीमित नहीं है, बल्कि विश्व राजनीति और कूटनीति पर भी दूरगामी असर डाल सकता है।

**पहला, अमेरिकी विश्वसनीयता पर प्रश्नचिह्न:** जब किसी राष्ट्रपति की प्रमुख नीतियां अदालतों या संस्थागत बाधाओं से रुकती हैं, तो सहयोगी और प्रतिद्वंद्वी दोनों देशों के मन में यह सवाल उठता है कि अमेरिका की घोषित नीतियां कितनी स्थायी हैं। इससे अमेरिकी वादों और समझौतों की विश्वसनीयता प्रभावित हो सकती है।

**दूसरा, टैरिफ कूटनीति की धार कमजोर:** ट्रंप ने व्यापार शुल्क (टैरिफ) को विदेश नीति के एक हथियार की तरह इस्तेमाल किया था। अमेरिकी सर्वोच्च न्यायालय द्वारा उनके व्यापक टैरिफ अधिकारों को सीमित किए जाने से चीन, यूरोपीय संघ, भारत, कनाडा और मेक्सिको जैसे देशों पर दबाव बनाने की उनकी क्षमता कम हुई है।

**तीसरा, चीन को रणनीतिक अवसर:** यदि अमेरिकी राष्ट्रपति की आर्थिक और व्यापारिक शक्ति सीमित होती है, तो चीन स्वयं को अधिक स्थिर और दीर्घकालिक साझेदार के रूप में प्रस्तुत करने की कोशिश करेगा। इससे वैश्विक दक्षिण के देशों में चीन की कूटनीतिक सक्रियता बढ़ सकती है।

**चौथा, यूरोप और भारत की सौदेबाजी क्षमता बढ़ेगी:** यूरोपीय देशों और भारत जैसे उभरते देशों को यह संकेत मिला है कि अमेरिकी राष्ट्रपति अकेले बड़े व्यापारिक फैसले लागू नहीं कर सकते। इससे भविष्य की व्यापार वार्ताओं में इन देशों की स्थिति अपेक्षाकृत मजबूत हो सकती है।

# 25 चिकित्सकों का हुआ सम्मान



निसं

**सालासर ( नवयत्न )।** सालासर में गुरूवार शाम को होटल जेड प्लस में चिकित्सा सम्मान समारोह में 25 चिकित्सकों का सम्मान किया गया। आयोजन कमेटी के भरत सैन ने बताया कि राजस्थान लिंक डॉट कॉम द्वारा सामाजिक सरोकार के तहत धरती के भगवान कहे जाने वाले चिकित्सकों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसमें सुजानगढ़, बीदासर व रतनगढ़ ब्लॉक के 25 चिकित्सक अधिकारीयों का सम्मान किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि चूरू जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ वेदप्रकाश, विशिष्ठ अतिथि बीदासर बीसीएमएचओ डॉ प्रवीण झूरिया, रतनगढ़ बीसीएमएचओ डॉ मनीष तिवाड़ी, सुजानगढ़ बीसीएमएचओ डॉ भूपेन्द्र मेघवाल ने डॉक्टर्स को सम्मान पत्र प्रदान कर सम्मान किया। सभी अतिथियों ने सम्बोधित किया। इससे पूर्व बालाजी महाराज व मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष द्वीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। समारोह में सह आयोजक रणजीत ढूकिया, मास्टर रामरतन, श्रीराम मेडिकल सालासर, बालाजी मेडिकोज सालासर, कल्पतरू मेडिकोज सालासर, मारूती अनुकम्पा इंस्टीट्यूट सुजानगढ़, सृजन चेरीटेबल हॉस्पीटल सालासर, हेमेन्द्र पारीक सालासर, डॉ नरोतम पुजारी सालासर, धर्मवीर पुजारी सालासर, महावीरसिंह पार्वतीसर, धरोहर रिसोर्ट सालासर, शेरवानी सन्स जयपुर, महावीर टेन्ट हाउस सालासर, लालचन्द पेड़ेवाला चिड़ावा, विवेकानन्द विद्या आश्रम कातर छोटी, थार एज्यूकेशन ग्रुप सालासर, बाबा सालासर मावा भण्डार व एनएसटी के प्रतिनिधि व धन्नाराम सैन, भंवरलाल प्रजापत, एडवोकेट राजेन्द्र नेहरा आदि मौजूद रहे। डॉ लादूसिंह राव व राजकुमार शर्मा चारिया ने कार्यक्रम का संचालन किया।



# मातमी धुन के साथ निकले ताजिए

ललित दाधीच

**राजलदेसर ( नवयत्न )।** राजलदेसर में मुस्लिम समाज की एपीजे अब्दुल कलाम संस्था के तत्वावधान में मोहर्रम के अवसर पर शुक्रवार को मातमी धुनों एवं ढोल-ताशों के साथ ताजिया जुलूस निकाला गया। ताजिया इमामबाड़े से रवाना होकर गांधी चौक, रेलवे फाटक सहित विभिन्न मार्गों से होता हुआ दरगाह परिसर पहुंचा, जहां धार्मिक परंपरानुसार ताजिए को सुपुर्द-ए-खाक किया गया।

जुलूस में रतनगढ़ विधायक पूसाराम गोदारा ने भी भाग लिया तथा ढोल-ताशा बजाकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। इस दौरान कांग्रेस नगर अध्यक्ष जब्बार खोखर, कांग्रेस नेता भवानी कच्छावा, नबी बख्श, जाकिर हुसैन एवं पूर्व सरपंच मनफूल टांडी सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। युवाओं ने पारंपरिक लाठी खेल का प्रदर्शन करते हुए अपने कौशल का परिचय दिया। जुलूस के साथ खाने-पीने की अनेक स्टॉल भी लगाई गई थी, जहां महिलाओं, बच्चों एवं आमजन ने विभिन्न व्यंजनों का आनंद लिया। मोहर्रम के जुलूस के दौरान शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए तहसीलदार हरदीप सिंह तथा पुलिस विभाग के अधिकारी एवं जवान मुस्तैद रहे। कार्यक्रम के सफल एवं शांतिपूर्ण आयोजन पर एपीजे अब्दुल कलाम संस्था के पदाधिकारियों ने पुलिस एवं प्रशासन का आभार व्यक्त किया।

# मातमी धुनों के बीच निकले ताजिए

**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** मोहर्रम के अवसर पर शुक्रवार को श्रीमाधोपुर शहर में ताजिया का जुलूस श्रद्धा और अकीदत के साथ निकाला गया। जुलूस इमामबाड़े से रवाना होकर गोशाला बाजार, खंडेला बाजार होते हुए दोपहर बाद करीब 3 बजे चौपड़ बाजार पहुंचा। ढोल-ताशों की मातमी धुनों के बीच निकले जुलूस में बड़ी संख्या में मुस्लिम समाज के लोग शामिल हुए। जुलूस के दौरान युवाओं ने समूह बनाकर पारंपरिक हैरतअंगेज करतब दिखाए, जिन्हें देखने के लिए चौपड़ बाजार में लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। पूरे रास्ते सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे।



मोहर्रम के मौके पर मुस्लिम समाज के लोगों ने हजरत इमाम हुसैन और उनके साथियों की शहादत को याद करते हुए फातिहा पढ़ी और इबादत की। समाज के लोगों ने बताया कि कर्बला की जंग में हजरत इमाम हुसैन ने इंसानियत, सत्य और न्याय की रक्षा के लिए अपनी शहादत दी थी, जिसे आज भी याद किया जाता है। जुलूस मार्ग पर विभिन्न स्थानों पर छबील लगाकर राहगीरों और जुलूस में शामिल लोगों को ठंडा पानी और शर्बत पिलाया गया। शाम को धार्मिक रीति-रिवाजों के साथ ताजिया को कर्बला में सुपुर्द-ए-खाक किया गया। इस मौके पर थानाधिकारी महेंद्र सिंह, एसआई सुभाष शर्मा पुलिस जाब्ते के साथ मौजूद रहे। जुलूस में इमामुदीन चौहान मेन सदर, बबलू मणियार, जाकिर कुरैशी, याकूब कुरैशी, हनीफ कुरैशी, सोहेल कुरैशी, शाहिद लोहार, समीर कुरैशी, लाली, रोशन खान, आसिफ समेत मुस्लिम समुदाय के काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

# मातमी धुनों के साथ निकाले ताजिए



निसं

**दांतारामगढ़ ( नवयत्न )।** मुहर्रम के अवसर पर कस्बे व आसपास के गांवों में मातमी धुनों और धार्मिक श्रद्धा के साथ ताजियों का जुलूस निकाला गया। पैगम्बर हजरत मोहम्मद के नवासे हजरत हुसैन और उनके योद्धाओं की शहादत की याद में मनाए जाने वाले मुहर्रम की दसवीं तारीख को दांता में शुक्रवार को मातमी धुनों के साथ ताजियों का जुलूस निकाला गया। ताजियों का जुलूस दांता में छोटी मस्जिद, बड़ी मस्जिद से प्रारम्भ होकर मुख्य मार्ग से होते हुए देर शाम को कर्बला तक पहुंचा। जुलूस में बड़ी संख्या में अकीदतमंदों ने शामिल होकर या हुसैन की सदाओं के साथ शोक व्यक्त किया। मातमी धुन के साथ दोनों ताजियों को कर्बला में सुपुर्द-ए- खाक किया गया। इस दौरान काफी संख्या में मुस्लिम समुदाय के महिलाएं और पुरुष मौजूद थे। गौरतलब है कि कर्बला की जंग और हजरत इमाम हुसैन की शहादत की याद में मुहर्रम मनाया जाता है। इसी दिन हजरत इमाम हुसैन ने अपनी जान कुर्बान की थी। इस दिन मुस्लिम समुदाय के लोग ताजिए निकालते हैं। मुहर्रम का यह आयोजन आपसी भाईचारे, अमन और इंसानियत का संदेश देता है, जिसमें विभिन्न समुदायों के लोगों ने भी सम्मानपूर्वक सहभागिता निभाई। इस दौरान सुरक्षा व शांति व्यवस्था के लिए दांतारामगढ़ पुलिस जाप्ता मौके पर मौजूद रहा।

## केतन के पिता बोले-सिया को हेयर विग की जानकारी थी

**पुणे।** पुणे में केतन अग्रवाल मर्डर केस में नया खुलासा हुआ है। केतन के हेयर विग लगाने को हत्या के पीछे की वजह बताने पर पिता विशाल अग्रवाल ने कहा- सिया और उसके परिवार को पता था कि केतन सिर पर विग का एक पैच लगाता था। उसे पसंद नहीं था तो वह मना कर सकती थी लेकिया क्या यह किसी को मारने की वजह हो सकती है? वहीं पुलिस पूछताछ में सिया ने बताया कि उसने केतन से कहा था कि वह उससे शादी करना नहीं चाहती, लेकिन वह सगाई तोड़ने को तैयार नहीं था। केतन का कहना था कि अब बहुत देर हो चुकी है। सिया और केतन 18 जून को पुणे के लोहगढ़ किले पर घूमने गए थे। इसी दौरान केतन की खाई में गिरने से मौत हो गई।

# युग निर्माण सम्मेलन आयोजित



निसं

**तारानगर ( नवयत्न )।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में गायत्री चेतना केन्द्र तारानगर की ओर से शुक्रवार को सैनी समाज धर्मशाला प्रांगण में युग निर्माण सम्मेलन आयोजित किया गया। सम्मेलन में प्रांतीय उपसमन्वयक बालदान चारण ने कहा कि पाश्चात्य संस्कृति की तरफ बढ़ते कदमों को विराम देने के लिए नारी शक्ति को जागना होगा। नारी संस्कार रूपी पाठशाला की प्रथम गुरु होती है। बालदान चारण ने बताया कि गायत्री परिवार के सात सूत्री आन्दोलन में से कोई भी एक कार्य करके समाज निर्माण में अपनी भूमिका निभा सकता है। शांतिकुंज के केन्द्रीय प्रतिनिधि गोपाल स्वामी, चूरू जिला संयोजक ओमप्रकाश पारीक ने युग निर्माण सम्मेलन में मातृ शक्ति, पुंसवन संस्कार, बली व्यस्य यज्ञ, युवाओं और शिक्षकों की अहम भूमिका पर प्रकाश डालते हुए राष्ट्र निर्माण में आगे बढ़ कर काम करने का आग्रह किया। कार्यक्रम के अन्त में 18 सूत्रों का पाठ करवाकर शांतिपाठ साथ समापन किया गया। कार्यक्रम में रमेश कुमार शर्मा, नोरंग सिंह कस्वां, सुल्तान सिंह पूनियां, दरिया सिंह फौजी, गिरीश चन्द्र अग्रवाल, लक्ष्मण सिंह खीची, विश्वनाथ भाटी, देवीदत्त वर्मा, जगदीश प्रसाद स्वामी, बलवीर सिंह, बलजीत सिंह, अनीता शेखू आदि अनेक लोग उपस्थित रहे।

# अनूठे रिकॉर्डों से सजा करिश्माई खेल

वर्ष 2022 फीफा विश्व कप में मेसी ने अर्जेंटीना को 36 वर्षों में अपनी पहली विश्व कप जीत दिलाई। फाइनल में दो बार गोल करके फ्रांस को हराया। टूर्नामेंट के दौरान सात गोल करने और तीन गोल में सहायता देने के बाद, मेसी ने एक बार फिर गोल्डन बॉल पुरस्कार जीता और इसे दो बार जीतने वाले पहले खिलाड़ी बन गए।

अर्जेंटीना के फुटबॉल खिलाड़ी लियोनेल मेसी को अब तक के सर्वश्रेष्ठ ड्रिबलरों में से एक माना जाता है। अर्जेंटीनी कप्तान इतिहास के महानतम खिलाड़ियों में से एक के रूप में ख्याति अर्जित कर चुके है। वर्तमान फीफा विश्व कप में उन्होंने कीर्तिमानों की झड़ी लगा दी हैं। सवार्धिक छह फीफा विश्व कप में भाग लेकर सवार्धिक मैच (28), सर्वाधिक गोल (18) के साथ-साथ सब से बड़ी उम्र (38 वर्ष और 357 दिन) के हैट-ट्रिक मारने वाले खिलाड़ी बने। वर्ष 2026 विश्व कप अभी तक उन्हीं के नाम रहा है। दो मैचों में पांच गोल—अल्जीरिया के विरुद्ध तीन और ऑस्ट्रिया के विरुद्ध दो। ऑस्ट्रिया के विरुद्ध वह एक पेनल्टी गंवा बैठे थे। विश्व कप में 10 में तीन पेनल्टी गंवाने का रिकॉर्ड भी उन्हीं के नाम हो गया है। अपने छोटे कद के कारण, मेसी के पास लंबे खिलाड़ियों की तुलना में गुरुत्वाकर्षण का एक कम केंद्र है, जो उसे अधिक चपलता देता है, जिससे वह अधिक तेज़ी से दिशा बदल सकता है और विरोधी टैकल से बच सकता है। मेसी मुख्य रूप से बाएं पैर के खिलाड़ी हैं; अपने बाएं पैर के बाहरी हिस्से के साथ, वह आमतौर पर ड्रिब्लिंग रन शुरू करते हैं, जबकि वह अपने पैर के अंदर का उपयोग पास और सहायता प्रदान करने के लिए करते है। एक शानदार गोल करने वाले, मेसी को उनकी फिनिशिंग, पोजिशनिंग, त्वरित प्रतिक्रियाओं और रक्षात्मक लाइन को हराने के लिए आक्रामक रन बनाने की क्षमता के लिए जाना जाता है। इसके अलावा, वह एक सटीक फ्री किक और पेनल्टी किक लेने वाला खिलाड़ी है। लियोनेल मेसी पेशेवर फुटबॉल के इतिहास में सबसे सजाए गए खिलाड़ी हैं, जिन्होंने 45 टीम ट्रॉफियां जीती हैं। मेसी के रिकॉर्ड में, एक कैलेंडर वर्ष में सबसे अधिक गोल (91), एक क्लब के लिए सबसे अधिक गोल (बार्सिलोना के लिए 672), ला लीगा में सबसे अधिक गोल (474), फीफा विश्व कप में सबसे अधिक गोल योगदान (26, 18 गोल + 8 सहायक गोल), और कोपा अमेरिका (32) में सबसे अधिक गोल योगदान शामिल हैं। वर्ष 2022 में अर्जेंटीना की राष्ट्रीय टीम को अपना तीसरा फीफा विश्व कप जीतने में मदद की। आठ बार के बैलन डी ओर (फुटबॉल की दुनिया में सबसे प्रतिष्ठित व्यक्तिगत पुरस्कार) विजेता, छह यूरोपीय गोल्डन शूज़ और आठ बार फीफा द्वारा दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का नाम कमाने वाले 39 वर्षीय मेसी सर्वोत्तम खिलाड़ियों की सूची में सब से ऊपर हैं।

कार्यालय ग्राम पंचायत रींगण
पंचायत समिति लाडनूँ

क्रमांक: 2026-27/47 दिनांक : 16.06.2026

**ई-निविदा सूचना संख्या- 24/2026-27**

पंचायत समिति लाडनूं की अधीनस्थ ग्राम पंचायत रींगण में वित्तीय वर्ष 2026-27 में महात्मा गांधी नरेगा एवं पंचायतीराज की अन्य समस्त योजनाओं के तहत कराये जाने वाले निर्माण कार्यों के लिये निर्माण सामग्री की आपूर्ति हेतु संवेदको विनिर्माताओं आपूर्तिकर्ताओं से ग्राम स्तरीय ई-निविदाए आमन्त्रित की जाती है। निविदा से संबंधित विस्तृत विवरण वेब पोर्टल http:/www.sppp.rajasthan.gov.in एवं http:/www.eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकता है। निविदाये निर्धारित दिनांक को उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष क्रय समिति द्वारा खोली जायेंगी।

NIB-ZNR2627A0471 UBN-ZNR2627GLOB00644

**प्रशासक** — ग्राम पंचायत रींगण, पंचायत समिति लाडनूँ
**ग्राम विकास अधिकारी** — ग्राम पंचायत रींगण, पंचायत समिति लाडनूँ

कार्यालय ग्राम पंचायत सारड़ी
पंचायत समिति लाडनूँ

क्रमांक: 2026-27/50 दिनांक : 22.06.2026

**ई-निविदा सूचना संख्या- 25/2026-27**

पंचायत समिति लाडनूं की अधीनस्थ ग्राम पंचायत सारड़ी में वित्तीय वर्ष 2026-27 में महात्मा गांधी नरेगा एवं पंचायतीराज की अन्य समस्त योजनाओं के तहत कराये जाने वाले निर्माण कार्यों के लिये निर्माण सामग्री की आपूर्ति हेतु संवेदको विनिर्माताओं आपूर्तिकर्ताओं से ग्राम स्तरीय ई-निविदाए आमन्त्रित की जाती है। निविदा से संबंधित विस्तृत विवरण वेब पोर्टल http:/www.sppp.rajasthan.gov.in एवं http:/www.eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकता है। निविदाये निर्धारित दिनांक को उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष क्रय समिति द्वारा खोली जायेंगी।

NIB-ZNR2627A0472 UBN-ZNR2627GLOB00645

**प्रशासक** — ग्राम पंचायत सारड़ी, पंचायत समिति लाडनूँ
**ग्राम विकास अधिकारी** — ग्राम पंचायत सारड़ी, पंचायत समिति लाडनूँ

# बालों में चमक लाने के लिए गर्मी में इस्तेमाल करें गुलाब जल के ड्राई हेयर मास्क



गर्मियों में आप अपनी त्वचा को धूप से बचाने के लिए कई उपाय अपनाती हैं। ताकि गर्मियों में भी आप सबसे खूबसूरत दिखें और आपकी स्किन पर गर्मी, धूप का असर न हो। लेकिन खूबसूरत दिखने के लिए आपको सिर्फ अपने चेहरे को ही नहीं बल्कि बालों को भी खूबसूरत और शाइनी बनाने की कोशिश करनी चाहिए। क्योंकि गर्मियों का मौसम बालों के लिए बहुत बेकार माना जाता है। गर्मियों में सूर्य की अल्ट्रावॉयलेट किरणें बालों से उनकी नमी छीन लेती हैं। इस मौसम में बाल बेजान और रूखे हो जाते हैं। दिनभर की धूप, गर्मी और प्रदूषण बालों को नुकसान पहुंचाता है। लेकिन आपको घबराने की जरूरत नहीं है, बालों की थोड़ी सी केयर करके भी आप बालों को नई चमक दे सकती हैं। इसके लिए गुलाब जल का हेयर मास्क काफी फायदेमंद माना जाता है। आप इसे घर पर आसानी से बना सकती हैं।

### बालों के लिए क्यों फायदेमंद है गुलाब जल

गुलाब जल स्किन को सॉफ्ट और ग्लोइंग बनाने के साथ ही बालों के लिए भी बेहद फायदेमंद होता है। यह बालों से जुड़ी समस्याओं को ठीक करने में सहायक होता है। गुलाब जल में एंटीसेप्टिक गुण पाए जाते हैं, जो बालों में मौजूद बैक्टीरिया को खत्म करता है। साथ ही इसका एंटीसेप्टिक गुण बालों को फंगल इंफेक्शन और गर्मी से बचाता है। यह बालों की कई समस्याओं को दूर करके बालों को नई चमक देता है।

### गुलाब जल और नारियल तेल हेयर मास्क

नारियल तेल में एंटी-ऑक्सीडेंट, एंटी-फंगल और एंटी-बैक्टीरियल गुण होते हैं, जो बालों को बाहर की धूल, मिट्टी, प्रदूषण और गर्मी से बचाता है। इसमें लॉरिक एसिड भी पाया जाता है, जो बालों को प्रोटीन देता है और बालों को टूटने से रोकता है। गुलाब जल और नारियल तेल का हेयर मास्क बनाने के लिए आप एक कप गुलाब जल और 3 चम्मच नारियल तेल को अच्छे से मिलाकर हेयर मास्क तैयार कर लें। इसे अपने बालों पर इसे अच्छे से लगा लें। आप चाहें तो स्प्रे बोतल में रखकर इससे स्प्रे भी कर सकती हैं। इससे गुलाब जल और नारियल तेल का मिश्रण बालों में अच्छे से लगने दें। 45 मिनट बाद बालों को शैंपू से धो लें। बेहतर परिणाम के लिए, आप इसका इस्तेमाल हफ्ते में एक बार जरूर करें। इससे आपके बालों की खो हुई चमक वापस आएगी। यह हेयर मास्क बालों की दूसरी कई समस्याओं को भी दूर करता है।

### गुलाब जल और एलोवेरा जेल हेयर मास्क

आयुर्वेद में एलोवेरा को त्वचा संबंधी रोगों और बालों के लिए फायदेमंद बताया गया है। इससे बालों से जुड़ी सारी समस्याएं ठीक होती है। एलोवेरा में भरपूर मात्रा में एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण पाए जाते हैं, जो बालों की रक्षा करने में मदद करता है। एलोवेरा बालों को गर्मियों में होने वाले इंफेक्शन से बचाता है साथ ही बालों को शाइनी भी बनाता है। गुलाब जल और एलोवेरा के हेयर मास्क से बालों को कई तरह के फायदे मिलते हैं। इसके इस्तेमाल से बालों में बाहर के प्रदूषण से लड़ने की क्षमता पैदा हो जाती है। इस हेयर मास्क को बनाने के लिए आप एक कप गुलाब जल में 2 चम्मच एलोवेरा जेल मिला लें। इन दोनों को एक पेस्ट तैयार कर लें। अब इसे अपने सभी बालों पर अच्छे से लगाकर मसाज करें। आधे घंटे बाद माइल्ड शैंपू से बालों को अच्छे से धो लें। अच्छे रिजल्ट के लिए इस हेयर मास्क का इस्तेमाल हफ्ते में दो बार करें।



### गुलाब जल और ग्रीन टी हेयर मास्क

ग्रीन टी को सेहत के लिए काफी लाभकारी माना जाता है। इसका हेयर मास्क बालों का विकास करने में भी मदद करता है। ग्रीन टी में कैटेचिन पाया जाता है, जो बालों को हेल्दी रखता है। इसके साथ ही इसमें ईसीजीसी भी पाया जाता है, जो बालों की कोशिकाओं को नुकसान होने से बचाता है। गुलाब जल और ग्रीन टी का हेयर मास्क बालों के लिए बेहद फायदेमंद माना जाता है। इनका हेयर मास्क बनाने के लिए सबसे पहले एक कप ग्रीन टी तैयार कर लें, इसे ठंडा होने दें। अब इसमें 2 चम्मच गुलाब जल मिलाएं। इस मिश्रण को बालों पर लगाएं और आधे घंटे बाद बालों को अच्छे से धो लें। इसका इस्तेमाल हफ्ते में एक बार करने से बालों से जुड़ी कई समस्याएं दूर होंगी। गर्मी की वजह से बालों को होने वाले नुकसान से भी यह हेयर मास्क बचाता है।

# पेट की चर्बी बढ़ने का सबसे बड़ा कारण है चाय, इन हेल्दी रिप्लेसमेंट ड्रिंक्स से होगा वेट लॉस

चाय पीने के शौकीनों की कमी नहीं है। भारत में ज्यादातर घरों में सुबह की शुरुआत चाय से ही होती है। वहीं, चाय के दीवाने दिन में 3-4 कप तक चाय पी जाते हैं लेकिन क्या आप जानते हैं कि चाय पीने के कई फायदों के साथ सबसे बड़ा घाटा यह है कि चाय पीने से पेट की चर्बी सबसे ज्यादा बढ़ती है। साथ ही ज्यादा चाय पीने से आप धीरे-धीरे मोटापे की ओर अग्रसर होने लगते हैं। ऐसे में अगर आप फिटनेस पर ध्यान देना चाहते हैं, तो कुछ दिन चाय पीना छोड़कर जरूर देखें। इससे न सिर्फ आपके वजन में कमी आएगी बल्कि इससे पेट की चर्बी भी कम होगी।

**शहद और नींबू :** इसके सेवन से आपको वजन कम करने में मदद मिलती है। साथ ही यह आपके शरीर को स्वस्थ रखता है। लेकिन डायबिटीज रोगियों को शहद से बचना चाहिए।

**तुलसी और अदरक का काढ़ा :** इसके सेवन से आपके गले के संक्रमण दूर होते हैं और आपका गला साफ होता है। ये काढ़ा दमा के रोगियों के लिए भी उपयोगी है।

**दालचीनी या सौंफ का पानी :** ये दोनों एंटीऑक्सिडेंट और एंटी-इंफ्लेमेटरी गुणों से भरपूर होते हैं। ये आपके शरीर से विषाक्त पदार्थों को बाहर निकालने का काम करते हैं और इससे आपका शरीर भी स्वस्थ रखता है।



**संतरे का रस :** संतरा विटामिन सी का एक बहुत अच्छा स्रोत होता है और साथ ही ये इम्युनिटी बढ़ाने में भी मदद करता है।

**मेथी का पानी :** मेथी के बीजों का पानी आपके वजन को कम करता है। इसके साथ ही यह ब्लड शुगर को भी कंट्रोल करने में मददगार होता है।

**जीरा पानी :**

जीरे में आयरन की भरपूर मात्रा पायी जाती है और साथ ही ये ब्लड कोलेस्ट्रॉल को कंट्रोल करने में भी मदद करता है।

**व्हीटग्रास जूस एंटी :** यह जूस ऑक्सीडेंट से भरपूर होता है, जो आपके शरीर को स्वस्थ बनाए रखने में सहायक होता है।

# ग्रीन ऑलिव ऑयल से हड्डियां होती हैं मजबूत

क्या आपने कभी ग्रीन ऑलिव ऑयल के बारे में सुना है? इसे सेहत से लिए काफी फायदेमंद माना जाता है। ग्रीन ऑलिव ऑयल को जैतून के नाम से भी जाना जाता है। ऑलिव ऑयल दो रंगों में मिलता है एक हरा और एक काला। यह हमारे स्वास्थ्य के साथ ही हमारी त्वचा, बालों और शिशुओं के विकास के लिए भी फायदेमंद होता है। इसमें कई ऐसे पोषक तत्व पाए जाते हैं, जो हमारे शरीर के लिए लाभकारी होते हैं। इसके इस्तेमाल से हड्डियां मजबूत होती हैं और हृदय रोगों से बचाता है। इसमें कुछ ऐसे तत्व भी पाए जाते हैं, जो कैंसर सेल्स को खत्म करने में मददगार हो सकते हैं।



### हड्डियां बनाए मजबूत

40 के बाद अधिकतर महिलाओं में कैल्शियम की कमी होने लगती है और उम्र के साथ-साथ उनकी हड्डियां और जोड़े भी कमजोर होने लगते हैं। वे अकसर ही जोड़ों में दर्द की शिकायत करती हैं। ऐसे में ग्रीन ऑलिव ऑयल का सेवन करना फायदेमंद माना जाता है। इसमें भरपूर मात्रा में कैल्शियम पाया जाता है, जो हड्डियों को मजबूत बनाता है। इसके साथ ही इसमें मौजूद एंटीऑक्सीडेंट्स भी हड्डियों को नुकसान होने से बचाता है।

### वजन कंट्रोल करे

आजकल बच्चे, बढ़े सभी में मोटापे की समस्या देखने को मिलती हैं। ज्यादातर लोग इस समस्या से काफी परेशान हैं और वजन कम करना चाहते हैं। अगर आप भी मोटापे के शिकार हैं, तो ग्रीन ऑलिव ऑयल को अपनी डाइट में शामिल कर सकते हैं। इसमें भरपूर मात्रा में मोनोअनसैचुरेटेड फैटी एसिड पाया जाता है। ये एसिड कैलोरी बर्न करने में मदद करता है।

# सेहत के लिए वरदान हैं पपीते के बीज, मोटापा भी करते हैं कंट्रोल

पपीता खाने के फायदे तो आपने कई सुने होंगे पर क्या आप जानते हैं इसके बीज भी सेहत के लिए किसी वरदान से कम नहीं हैं। सुनकर थोड़ा आश्चर्य होना लाजमी है। लेकिन यह बात बिल्कुल सच है। जी हां अक्सर पपीता खाने के बाद लोग उसके बीज फेंक देते हैं लेकिन अगली बार जब आप पपीता खाएंगे तो उसके बीज फेंकने से पहले एक बार जरूर सोचेंगे। पपीते में पर्याप्त मात्रा में आयरन, कैल्शियम और मैग्नीशियम पाया जाता है। इससे शारीरिक क्रियाएं तो बेहतर होती ही हैं। इसके अलावा शरीर की अतिरिक्त चर्बी से भी निजात पाने में मदद मिलती है। पपीते के बीजों का सेवन करने से शरीर के विषाक्त पदार्थ बाहर निकल जाते हैं।



### वेट लॉस में मददगार है पपीता

वजन घटाने में जो चीज सबसे ज्यादा मदद करती है, वह है पपीते के भीतर पाए जाने वाले बीज। पपीता शरीर की पाचन प्रक्रिया को सुचारू रूप से काम करने के लिए पर्याप्त फाइबर की आपूर्ति करता है। पपीता में ढेर सारे एंटीऑक्सिडेंट, मिनरल्स और बहुत कम कैलरी होती है। पपीता में पाए जाने वाले इंजाइम्स न सिर्फ वजन घटाते हैं बल्कि बैड कलेस्ट्रॉल को भी कम करते हैं।

### लीवर से जुड़ी समस्या

पपीते के बीज लीवर के लिए बेहद फायदेमंद होते हैं। ये लीवर सिरोसिस में भी काफी फायदेमंद होता है। सुबह खाली पेट इसके बीजों का सेवन करने से काफी फायदा होता है।

### स्वस्थ पाचन के लिए

पपीते के बीज में उच्च मात्रा में पाचन एंजाइम मौजूद होते हैं जो प्रोटीन को तोड़ने में मदद करके प्राकृतिक पाचन प्रकिया को सहायता करता है। पपीते के बीज रोगाणुओं को मारकर भोजन की विषाक्तता से मुकाबला करने में भी मदद करते हैं।

### जलन या सूजन में फायदेमंद

पपीते के बीजों में शक्तिशाली एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण होते हैं जो शरीर को सूजन से छुटकारा दिलाने में मदद करते हैं। एंजाइम पपैन और काइमोपपैन गठिया, जोड़ों के दर्द से जुड़ी सूजन को कम करने में मदद करते हैं।



### कैसे करें पपीते के बीज का सेवन

- पपीते के बीज का सेवन करने का सबसे अच्छा तरीका उसे पपीते के साथ ही खाना है।
- इसके अलावा, कच्चे बीज को पपीते से निकालकर मिक्सी या मूसल का उपयोग करके पीस लें। आप इसका उपयोग सलाद या सूप में डालकर भी कर सकते हैं।
- पपीते के बीज का उपयोग आप उन्हें धूप में सूखाकर पाउडर बनाकर भी कर सकते हैं।
- एक दिन में 5 से 8 ग्राम बीज का ही सेवन करें।
- पपीते के बीज का पाउडर आप नींबू के रस या फिर सलाद के ऊपर छिड़क कर भी कर सकते हैं।

# हरी पत्तेदार या सिर्फ हरी सब्जियां, सेहत के लिए कौन सी है ज्यादा पावरफुल

हरी सब्जियां खाने की पैरवी आयुर्वेद से लेकर विज्ञान तक करता है। हरी सब्जियों के अंदर भारी मात्रा में फाइबर, विटामिन्स और मिनरल्स होते हैं। ऐसे कई शोध हो चुके हैं जो बताते हैं कि हरी सब्जियों के जरिए कैंसर और हृदय से संबंधित समस्या से बचा जा सकता है। लेकिन आज भी लोग इस बात को लेकर दुविधा में रहते हैं कि हरी सब्जियां ज्यादा बेहतर है या हरे पत्तेदार सब्जियां।

### किसमें कितना कार्ब्स

अपनी डाइट में कार्ब्स की मात्रा का ध्यान अक्सर वह लोग रखते हैं जो या तो अपने आप को मेंटेन कर रहे हों, या फिर वजन कम करने की कोशिश कर रहे हों। ऐसे लोगों के लिए हरी पत्तेदार सब्जियां ज्यादा फायदेमंद हैं। क्योंकि इनके अंदर कम कार्ब्स होता है। जबकि हरी सब्जियों में कार्ब्स की मात्रा थोड़ी अधिक होती है। उदाहरण के लिए लौकी को ही ले लीजिए, एक कप लौकी में 8.4 ग्राम कार्ब्स होता है, जबकि एक पालक में महज 4 ग्राम कार्ब्स होता है।

### पोषक तत्वों का धनी कौन

इस बार भी बाजी हरी पत्तेदार सब्जियां ही ले गई। कुछ समय पहले हुई रिसर्च में दोनों तरह की सब्जियों को लिया और इन दोनों में पाए जाने वाले पोषक तत्वों और मिनरल्स की जांच की गई। इसके जरिए पता चला कि हरे पत्तेदार सब्जियों में हरी सब्जियों के मुकाबले पोषक तत्वों की मात्रा दोगुनी होती है। यानी जितना न्यूट्रिशन आपको हरी सब्जी के दो कप में मिलेगा, उसके ज्यादा आपको हरी पत्तेदार सब्जियों के महज एक कप में मिल जाएगा।

### सब्जियों का चुनाव कैसे करें

आज के समय में हमे अपना वक्त बचाने और आराम के चलते सब्जियों को ऑनलाइन ही मंगा लेते हैं। जिसमें हमें सब्जियां ताजी मिल रही हैं या नहीं इसका पता ही नहीं चलता। जबकि विशेषज्ञ कहते हैं कि सब्जियों को लेते समय आपको इनके ताजा होने का ध्यान रखना है। अगर आप ताजा सब्जियां लेते हैं तो यह आपके लिए ज्यादा लाभदायक होती हैं। इसलिए ऑनलाइन नहीं बल्कि बाजार जाकर सब्जी चुन कर लाए।

### पकाते समय ना करे यह गलती

अगर आप हरी सब्जियों का सेवन करते हैं तो इस बात का ध्यान रखें कि किसी भी स्थिति में सब्जी को ज्यादा ना पकाएं। इससे ना केवल सब्जी का स्वाद खराब हो जाता है। बल्कि ज्यादा पकाने की वजह से उसके अंदर मौजूद जरूरी पोषक तत्व और मिनरल्स का असर कम होने लगता है। हरी सब्जियों को तो आप केवल उबालकर या कच्चा ही खाने की आदत डालें।

### रोज कितनी हरी सब्जियां हैं काफी

हमारे देश में आज सबसे ज्यादा युवा हैं, इसलिए अगर उन्हीं के हिसाब से समझते हैं। आपको रोजाना 2.5 कप हरी पत्तेदार सब्जियों का सेवन करना चाहिए। इसके साथ ही आपको 2.5 कप हरी सब्जियों का सेवन करना चाहिए। कुल मिला कर आपको रोजाना कम से कम 5 कप हरी सब्जियों का सेवन करना चाहिए। हरी पत्तेदार सब्जियों में इनका करें सेवन। पालक, केल, केल, पत्ता गोभी, सलाद, ब्रोकोली, सरसों का साग, अजमोद, पुदीना, अजवाइन के फूल और भाला आदि।

### हरी सब्जियों के अलावा यह खाएं

हरी सब्जियों के अलावा स्वस्थ रहने के लिए आपको अपनी डाइट में बहुत सी हेल्दी खाद्य सामग्री को शामिल करना चाहिए। इसमें आप फल, पुदीना, ग्रीन टी, तुलसी के पत्ते और करी पत्ते का सेवन करना चाहिए।





# मौसम के अनुसार बदलें चाय बनाने का तरीका, गर्मी में अदरक या इलायची क्या है बेहतर



चाय के दीवानों के लिए गर्मी क्या और सर्दी क्या? मौसम कोई भी हो लेकिन चाय की दीवानगी कभी कम नहीं होती। सर्दियों में चाय के कम ज्यादा हो जाते हैं, तो गर्मी में कुछ कप घट जाते हैं लेकिन चाय की चुस्कियां कभी बंद नहीं होती। बदलते मौसम में आप चाहें चाय बंद न करें लेकिन चाय बनाने के तरीके को जरूर बदल देना चाहिए।

**अदरक या इलायची वाली चाय :** सर्दियों में अदरक वाली चाय पसंद की जाती है लेकिन गर्मियों में अगर आप अदरक वाली चाय का ज्यादा सेवन करते हैं, तो यह आपके लिए हानिकारक हो सकती है। अदरक की तासीर बहुत ज्यादा गर्म होती है जिसकी वजह से कई लोगों को स्किन एलर्जी के साथ पेट से जुड़ी कई परेशानियां हो सकती हैं। ऐसे में गर्मियों के मौसम में इलायची वाली चाय बेस्ट ऑप्शन है। इलायची न सिर्फ आपका मूड रिफ्रेश करती है बल्कि इसके कई फायदे भी हैं-

**इलायची वाली चाय के फायदे :** इलायची के सेवन से सांस लेने की समस्या जैसे अस्थमा, तेज जुकाम और खांसी से राहत मिलती है। साथ ही यह फेफड़ों की परेशानी दूर करने में भी बहुत ही सहायता करती है। मानव शरीर में कई सारी बीमारियां उच्च रक्तचाप के कारण जन्म लेती है, यदि आप नियमित रूप से दो से तीन इलायची का सेवन करें, तो रक्तचाप नियंत्रित करने में सहायता मिलेगी। इलायची वाली चाय न केवल स्वाद में अच्छी लगती है बल्कि इससे पाचन तंत्र भी दुरुस्त रहता है। इसमें एंटीऑक्सीडेंट और एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण पाए जाते हैं, जो मेटाबॉलिज्म को बढ़ाने का काम करता है। यदि आप तनाव की समस्या से घिरे रहते हैं, तो इलायची का सेवन आपके लिए लाभकारी हो सकता है। ऐसा देखा गया है कि इलायची चबाने से हार्मोन में तुरंत बदलाव देखने को मिलता है और आप तनाव से मुक्त हो जाते हैं।

# मंदिरों में मची राम-लक्ष्मण द्वादशी की धूम

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** छोटीकाशी में ज्येष्ठ शुक्ल की द्वादशी पर शुक्रवार को राम-लक्ष्मण द्वादशी का पर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। इस पावन अवसर पर शहर के विभिन्न शिवालयों और मंदिरों में विशेष धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया। इसी कड़ी में त्रिपोलिया बाजार के तंवर जी का नोहरा स्थित श्री शिव शक्ति हनुमान मंदिर में श्श्री मन्न नारायण प्रंन्यास मंडल की ओर से भगवान भोलेनाथ का भव्य सहस्त्र घटाभिषेक किया गया। पं. दिनेश शर्मा के आचार्यत्व में पांच विद्वान पंडितों ने कलश तथा गणेश.गौरी के मंडल बनाकर विधि.विधान से पूजन संपन्न कराया। प्रंन्यास मंडल के अध्यक्ष पं. तरुण भारती ने मुख्य पूजा-अर्चना की। इससे पूर्व भगवान शिव का पंचामृत, भांग, ईक्षु रस सहित विभिन्न औषधीय द्रव्यों से अभिषेक किया गया। अभिषेक के पश्चात भोलेनाथ का मनमोहक पुष्प श्रृंगार किया गया और जल विहार की अलौकिक झांकी सजाई गई। शंख, घंटा और घड़ियों की सुमधुर ध्वनि के बीच भगवान की महाआरती उतारी गई। इस धार्मिक आयोजन में एडवोकेट कमलेश शर्मा, शीला शर्मा, नंदन भौमियां और शीतल शर्मा सहित क्षेत्र के अनेक गणमान्य श्रद्धालु उपस्थित थे।

### आज शनि प्रदोष

राम-लक्ष्मण द्वादशी के अगले दिन शनिवार को शनि प्रदोष के विशेष योग पर छोटीकाशी के सभी शिव मंदिरों में विशेष आयोजनों की तैयारी की गई है। शहर के प्रमुख शिवालयों ताड़केश्वर नाथ, झारखंड महादेव और जंगलेश्वर महादेव सहित सभी मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ने की उम्मीद है। शनि प्रदोष के मौके पर श्री गैटेश्वर कला संस्थान की ओर से गैटोर की छतरियां स्थित अति प्राचीन शिवालय श्री गैटेश्वर महादेव में विशेष धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किया जा रहा है। संस्थान के मंत्री ओ पी चांडक ने कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि शनिवार सुबह 11 बजे से गैटेश्वर नाथ का जलाभिषेक और पंचामृत अभिषेक शुरू होगा। इसके बाद महादेव का भव्य पुष्प श्रृंगार किया जाएगा और शाम साढ़े 7 बजे भव्य महाआरती का आयोजन होगा, जिसमें विशेष रूप से सहस्त्रघट और रुद्राभिषेक संपन्न किया जाएगा।

# पाटोत्सव में गूंजे ढूंढाड़ी भाषा के पद-भजनों

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** दिल्ली रोड स्थित प्रसिद्ध आस्था धाम श्री खोले के हनुमानजी मंदिर में इन दिनों भगवान सियाराम का 29वां पाटोत्सव बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। पाटोत्सव के अंतर्गत शुक्रवार को मंदिर परिसर में सांस्कृतिक और भक्तिमयी प्रस्तुतियों की अनूठी छटा देखने को मिली, जहाँ युगल महाराज द्वारा रचित पारंपरिक ढूंढ़ाड़ी भाषा के पदों का मधुर गायन किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान श्री प्रेम भाया मंडल से जुड़े भजन गायकों ने एक से बढ़कर एक सुमधुर भजनों की प्रस्तुतियां देकर श्री प्रेम भाया सरकार को रिझाया। भजनों की स्वर लहरियों के बीच पूरा मंदिर परिसर पुष्प वर्षा और इत्र की सुगंधित वर्षा से सराबोर हो उठा। इसके बाद, रात्रि बेला में निम्बार्क सत्संग मंडल की ओर से विशेष भजन और बधाई गायन की प्रस्तुतियां दी गईं, जिससे श्रद्धालु भावविभोर हो गए। उत्सव की शुरुआत में श्री नरवर आश्रम सेवा समिति प्रन्यास के अध्यक्ष गिरधारी लाल शर्मा एवं महामंत्री ब्रजमोहन शर्मा ने भगवान सियाराम की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की और देश.प्रदेश की खुशहाली की कामना की। पाटोत्सव के तहत आगामी दो दिनों तक मंदिर में धार्मिक अनुष्ठानों का क्रम जारी रहेगा। शनिवार रात्रि 8 बजे से भव्य सामूहिक सुन्दरकांड का पाठ होगा, जिसके बाद भजन गायन की सुमधुर प्रस्तुतियां दी जाएंगी। रविवार सुबह 9 बजे से श्रीहरिनाम संकीर्तन और बधाई गायन का आयोजन किया जाएगा। इसी के साथ सुबह 9 बजे से ही मासिक रामयज्ञ की शुरुआत होगी, जिसमें विद्वान पंडितों द्वारा आहुतियां दिलाई जाएंगी।

# विशेष जागरूकता एवं समाधान शिविर आज

बाबूलाल शर्मा

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** एमएसएमई दिवस के अवसर पर आईसीएआई की झुंझुनूं शाखा (सीआईआरसी) द्वारा एमएसएमई की चुनौतियाँ एवं सरकार की सहायता योजनाएँ विषय पर एक विशेष जन-जागरूकता एवं समाधान कार्यक्रम का आयोजन शनिवार को दोपहर 3 बजे से सायं 6 बजे तक एसएस मोदी विद्या विहार स्कूल, रोड नं 2, झुंझुनू में किया जाएगा। यह कार्यक्रम केवल चार्टर्ड अकाउंटेंट्स तक सीमित न होकर सभी उद्यमियों, व्यापारियों, स्टार्टअप्स एवं आम नागरिकों के लिए आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम का उद्देश्य सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों से जुड़े व्यवसायियों को केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं, प्रोत्साहनों, वित्तीय सहायता, ऋण सुविधाओं तथा अनुपालन संबंधी आवश्यकताओं की विस्तृत जानकारी प्रदान करना है। कार्यक्रम में जिला उद्योग एवं वाणिज्य केंद्र, रीको, लघु उद्योग भारती, विभिन्न बैंकों के वरिष्ठ अधिकारी तथा विषय विशेषज्ञ उपस्थित रहेंगे। प्रतिभागी अपने व्यवसाय से संबंधित समस्याएँ, सरकारी योजनाओं से जुड़े प्रश्न, बैंक ऋण, वित्तपोषण, पंजीकरण, सब्सिडी एवं अन्य व्यावसायिक चुनौतियों पर सीधे विशेषज्ञों से चर्चा कर समाधान प्राप्त कर सकेंगे। आईसीएआई की झुंझुनूं शाखा सभी उद्यमियोंए व्यापारियों एवं इच्छुक नागरिकों से आग्रह करती है कि वे इस निःशुल्क कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने तथा अपने व्यवसाय को नई दिशा देने का अवसर प्राप्त करें।

# रिश्तों को शर्मसार करने वाली घटना बेटे ने बुजुर्ग पिता से की बेरहमी से मारपीट

**जयपुर ( नवयत्न )।** सांगानेर थाना क्षेत्र में रिश्तों को शर्मसार करने वाली घटना सामने आई है। घरेलू विवाद के दौरान एक बेटे ने अपने ही बुजुर्ग पिता के साथ बेरहमी से मारपीट कर दी। थप्पड़ों और घूंसों से हमला करने के बाद उसने पिता को जमीन पर गिराकर लात भी मारी। पूरी घटना घर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई, जिसका वीडियो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। पुलिस के अनुसार घटना 19 जून को सांगानेर थाना क्षेत्र की मारुति नगर कॉलोनी, चंदलाई में हुई। बुजुर्ग आनंदी लाल और उनके बेटे धनपत के बीच घरेलू विवाद के दौरान कहासुनी हुई, जिसके बाद आरोपी बेटे ने पिता के साथ मारपीट कर दी। हमले में बुजुर्ग घायल हो गए। घटना के बाद 21 जून को पीड़ित पिता की शिकायत पर सांगानेर थाने में मामला दर्ज कराया गया। थानाधिकारी लिखमाराम ने बताया कि शिकायत के आधार पर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए उसे पाबंद किया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार पिता और बेटा एक ही मकान में रहते हैं। घरेलू विवाद ने हिंसक रूप ले लिया और बेटे ने रिश्तों की मर्यादा को ताक पर रखते हुए अपने पिता के साथ मारपीट की। इधर घटना का सीसीटीवी वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद लोगों में आक्रोश है। सोशल मीडिया पर बड़ी संख्या में लोग बुजुर्ग पिता के साथ हुई मारपीट की निंदा करते हुए आरोपी के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

# सहकारी बैंकर्स पूरी ऊर्जा, सक्रियता, सजगता व सकारात्मक सोच से विभागीय कार्यक्रमों को गति दें : सुराणा

निसं



**चूरू ( नवयत्न )।** जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने शुक्रवार को डीओआईटी वीसी सभागार में दी चूरू सेंट्रल को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड के शाखा प्रबंधकों की समीक्षा बैठक में बैंकिंग गतिविधियों की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए। जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने कहा कि सहकारी बैंकर्स पूरी ऊर्जा, सक्रियता, सजगता एवं सकारात्मक सोच के साथ काम कर विभागीय कार्यक्रमों को गति दें और सहकार से समृद्धि की भावना साकार करें।

उन्होंने कहा कि वित्तीय अनुशासन एवं बेहतर ग्राहक सेवा से बैंकिंग व्यवस्था को सशक्त करें। शाखा प्रबंधक बैंक द्वारा निर्धारित वार्षिक लक्ष्यों की समयबद्ध पूर्ति करते हुए बैंक की ऋण वसूली और जमा योजनाओं को और अधिक प्रभावी बनाएं। किसानों एवं आम उपभोक्ताओं को बैंकिंग सेवाओं का अधिकतम लाभ मिले तथा ऋण वितरण एवं वसूली कार्यों में तेजी लाएं। उन्होंने लंबित प्रकरणों के त्वरित निस्तारण, एनपीए में कमी लाने तथा सरकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने शाखा प्रबंधकों से कहा कि प्रत्येक शाखा अपने निर्धारित व्यवसायिक लक्ष्यों की नियमित समीक्षा करते हुए अमानत वृद्धि, गुणवत्तापूर्ण ऋण वितरण, प्रभावी वसूली एवं पैक्स कम्प्यूटरीकरण के कार्यों को गति दें। प्रबंध निदेशक मदन लाल ने सभी अधिकारियों एवं शाखा प्रबंधकों से टीम भावना के साथ कार्य करते हुए बैंक के वार्षिक लक्ष्यों की शत-प्रतिशत प्राप्ति सुनिश्चित करने का आह्वान किया। उन्होंने बताया कि 20 जून, 2026 तक बैंक ने अमानत संग्रह के जून माह के लक्ष्य के विरुद्ध 101.64 प्रतिशत उपलब्धि प्राप्त की है। वहीं 24 जून, 2026 तक कृषि फसली एवं निवेश ऋणों की कुल वसूली 80.62 प्रतिशत तथा अकृषि निवेश ऋणों की वसूली 77.77 प्रतिशत रही है। बैठक में बैंक की विभिन्न योजनाओं एवं वित्तीय प्रगति, अमानत संग्रह, ऋण वितरण, कृषि एवं अकृषि ऋणों की वसूली, एनपीए नियंत्रण, ओटीएस प्रकरणों के निस्तारण तथा पैक्स कम्प्यूटरीकरण, विभिन्न शाखाओं की उपलब्धियों एवं प्रगति पर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान नाबार्ड डीडीएम जीएल निर्वाण, सहायक अधिशाषी अधिकारी अलका द्विवेदी सहित बैंक के सभी शाखा प्रबंधक उपस्थित रहे।

# 22 दिन में 1.71 लाख से अधिक वाहनों पर पुलिस ने कसा शिकंजा

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** राजस्थान की सड़कों को सुरक्षित और अनुशासित बनाने के उद्देश्य से राजस्थान पुलिस का विशेष यातायात प्रवर्तन अभियान लगातार जारी है। पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा के निर्देश पर प्रदेशभर में यातायात एवं जिला पुलिस की टीमें नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफसख्त कार्रवाई कर रही हैं। अभियान की निगरानी महानिदेशक पुलिस यातायात अनिल पालीवाल कर रहे हैं। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक यातायात डॉ. बी.एल. मीणा ने बताया कि 4 जून से 25 जून 2026 तक चले 22 दिवसीय अभियान में प्रदेशभर में 1 लाख 71 हजार 727 वाहनों के खिलाफ चालानी कार्रवाई की गई। इस अभियान के दौरान वाहनों पर अवैध काली फिल्म लगाने के 63,298, नियम विरुद्ध नंबर प्लेट एवं पंजीयन चिन्ह के 43,461, अनाधिकृत शब्द, चिन्ह एवं लेखन के 24,033, वाहनों की संरचना में अवैध परिवर्तन के 18,159, अनाधिकृत लाल-नीली बत्ती, फ्लैशर, स्ट्रोब लाइट एवं हूटर के 13,586 तथा प्रेशर हॉर्न एवं एयर हॉर्न के 9,190 मामलों में कार्रवाई की गई। 5 जून को अकेले 5,982 वाहनों के खिलाफ कार्रवाई हुई। इनमें 1,792 काली फिल्म, 1,416 नियम विरुद्ध नंबर प्लेट, 953 अवैध वाहन संशोधन, 892 अनाधिकृत शब्द एवं चिन्ह, 599 लाल-नीली बत्ती, फ्लैशर एवं हूटर तथा 330 प्रेशर हॉर्न और एयर हॉर्न के मामले शामिल रहे। जिलेवार कार्रवाई में अजमेर सबसे आगे रहाए जहां 590 चालान किए गए। वहीं जयपुर कमिश्नरेट के यातायात, पूर्व, पश्चिम, उत्तर और दक्षिण क्षेत्रों में कुल 1,098 कार्रवाई की गई। इसके अलावा झुंझुनू में 373, जयपुर ग्रामीण में 326, चित्तौड़गढ़ में 228, कोटपूतली-बहरोड़ में 213 और दौसा में 212 मामलों में कार्रवाई कर यातायात नियमों की अवहेलना करने वालों पर शिकंजा कसा गया। राजस्थान पुलिस ने आमजन से वाहन चलाते समय यातायात नियमों का पालन करने, वाहनों पर अनधिकृत उपकरण या संशोधन नहीं कराने तथा सुरक्षित एवं अनुशासित यातायात व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग की अपील की है। पुलिस ने स्पष्ट किया कि विशेष अभियान आगे भी इसी सख्ती के साथ जारी रहेगा और नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# अंतर्राष्ट्रीय एमएसएमई दिवस आज

**जयपुर ( नवयत्न )।** राजस्थान में पहली बार अंतरराष्ट्रीय एमएसएमई दिवस 27 जून पर कार्यक्रम आयोजित किया जा रा है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा शनिवार को कॉन्स्टिट्यूशन क्लब में आयोजित कार्यक्रम में उद्योग एवं वाणिज्य विभाग की योजनाओं के लाभार्थियों को ऋण, अनुदान और सब्सिडी के 13 करोड़ रुपये से अधिक के डमी चेक प्रदान करेंगे। साथ ही रीको की योजनाओं के लाभार्थियों को भूमि आवंटन पत्र और ऑफर लेटर भी सौपेंगे। इस दौरान राजस्थान इंडस्ट्रीयल डवलपमेंट पॉलिसी, ओडीओपी कॉफी टेबल बुक और रैम्प राइजिंग एंड एक्सीलरेटिंग एमएसएमई परफॉर्मेंस पोर्टल भी लॉन्च करेंगे।

इस कार्यक्रम में उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़, राज्यमंत्री के. के. विश्नोई, मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास, उद्योग एवं वाणिज्य विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव शिखर अग्रवाल और आयुक्त नीलाभ सक्सेना सहित विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहेंगे।

# जीवन ज्योति रक्षा समिति के भवन निर्माण का शिलान्यास

## भामाशाह के सहयोग से हो रहा भवन निर्माण




कृष्ण कुमार गांधी

**सूरजगढ़ ( नवयत्न )।** भामाशाहों के सहयोग से शुक्रवार को पूर्व सांसद संतोष अहलावत, लोकतंत्र सेनानी सज्जन अग्रवाल, पूर्व चेयरमैन पुष्पा देवी गुप्ता व सेवाराम गुप्ता के सानिध्य में भूमि पूजन कर जीवन ज्योति रक्षा समिति के कार्यालय भवन का शिलान्यास किया गया। इस दौरान समिति सदस्यों ने भामाशाह परिवार व मंचासीन अतिथियों का शॉल, दुपट्टा व प्रशस्ति पत्र भेंटकर सम्मान किया। समिति अध्यक्ष डॉ रवि शर्मा ने बताया कि सेवाराम गुप्ता की प्रेरणा से भामाशाह परिवार सीए प्रमोद बिलोटिया, मनोज बिलोटिया, संतोष बिलोटिया, संदीप बिलोटिया, जेपी बिलोटिया, अजय बिलोटिया के आर्थिक सहयोग से भवन निर्माण होगा। इस मौके पर विकास शर्मा लोटिया, डॉ अनिल अनमोल, आनंदपाल डैला, मुंशीलाल, सचिव बलवान भास्कर, सूचना मंत्री रविन्द्र सांगवान, संचालक अशोक जांगिड़, उपाध्यक्ष सज्जन वर्मा, डॉ सवाई सिंह, सज्जन सैनी, ओमप्रकाश कौशिक, विनोद खेतान, महावीर शर्मा, बालमुकुंद छापड़िया, सुमेर सिंह, मनीष वर्मा, प्रदीप मान, मनीष जांगिड़, श्योराम कुमावत, विक्रांत शर्मा, जितेन्द्र कोठारी, विनय पाण्डेय, रमेश सैनी सहित गणमान्य उपस्थित रहे।

# 222 किलो डोडा पोस्त सहित नशा कारोबारी गिरफ्तार




निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** जयपुर ग्रामीण जिले के सामोद थाना पुलिस ने अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए ग्राम अमरपुरा में छापेमारी कर 222.48 किलोग्राम अवैध डोडा पोस्त छिलका बरामद कर एक नशा कारोबारी को गिरफ्तार किया गया। फिलहाल आरोपित तस्कर से पूछताछ की जा रही है। जयपुर ग्रामीण के पुलिस अधीक्षक हनुमान प्रसाद आईपीएस ने बताया कि सामोद थाना पुलिस ने अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए सुरेश कुमार 37 निवासी अमरपुरा को धर-दबोचा है। पुलिस ने तलाशी के दौरान मकान के पीछे बने कमरे से 13 प्लास्टिक के कट्टों में भरा 222 किलो 48 ग्राम 222.48 किलोग्राम डोडा पोस्त छिलका बरामद हुआ। मौके से मादक पदार्थ की तौल में प्रयुक्त एक इलेक्ट्रॉनिक कांटा भी जब्त किया गया। पूछताछ के दौरान आरोपी डोडा पोस्त रखने संबंधी कोई वैध लाइसेंस या दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। पुलिस अब आरोपी से डोडा पोस्त की खरीद-फरोख्त के नेटवर्क और अन्य तस्करों के संबंध में पूछताछ कर रही है।

इस अभियान में थानाधिकारी हेमराज सिंह, हैड कांस्टेबल जितेन्द्र कुमार और सुभाषचन्द्र, कांस्टेबल बाबूलाल, रामनारायण, मोहन सिंह तथा महिला कांस्टेबल मोनिका कुमारी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# जटिल पॉप्लिटियल आर्टरी स्यूडोएन्यूरिज्म के सफल ऑपरेशन में मरीज को मिला नया जीवन

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** एसआरके ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स के चिकित्सकों ने एक जटिल वैस्कुलर सर्जरी को सफलतापूर्वक अंजाम देकर 66 वर्षीय मरीज को नया जीवन दिया। डीडवाना निवासी भंवराराम पिछले करीब एक माह से बाएं घुटने के पीछे लगातार दर्द और सूजन की समस्या से परेशान थे। अस्पताल में विस्तृत जांच और सीटी एंजियोग्राफी के बाद उन्हें लेफ्ट पॉप्लिटियल आर्टरी स्यूडोएन्यूरिज्म नामक दुर्लभ एवं गंभीर रक्तवाहिनी संबंधी बीमारी से पीड़ित पाया गया। चिकित्सकों के अनुसार इस बीमारी के कारण प्रभावित पैर में रक्त प्रवाह बाधित होने के साथ गंभीर जटिलताओं का खतरा बना रहता है। मरीज पहले से क्रॉनिक किडनी डिजीज, पार्किंसन रोग और कोरोनरी आर्टरी डिजीज जैसी गंभीर बीमारियों से भी ग्रसित थे, जिससे सर्जरी चुनौतीपूर्ण बन गई थी। कार्डियक एवं वैस्कुलर सर्जन डॉ. गौरव गोयल के नेतृत्व में विशेषज्ञ टीम ने सफल ऑपरेशन किया। सर्जरी के दौरान स्यूडोएन्यूरिज्म को हटाकर पॉप्लिटियल आर्टरी का ग्राफ्ट इंटरपोजिशन किया गया, जिससे प्रभावित पैर में रक्त प्रवाह दोबारा सामान्य हो गया। ऑपरेशन के बाद मरीज की स्थिति संतोषजनक रही और पैर में रक्त संचार सामान्य पाया गया। डॉ. गौरव गोयल ने बताया कि समय पर जांच और विशेषज्ञ उपचार से इस प्रकार की जटिल रक्तवाहिनी संबंधी बीमारियों का सफल इलाज संभव है।

उन्होंने लोगों से अपील की कि यदि घुटने के पीछे लगातार दर्द, सूजन या धड़कन जैसी अनुभूति हो तो इसे सामान्य न समझें और तुरंत विशेषज्ञ चिकित्सक से परामर्श लें।

# उपजिला अस्पताल में सोनोग्राफी की सुविधा नहीं

## जांच के लिए निजी क्लिनिकों पर निर्भर है गर्भवती महिलाएं


नंदलाल गौड़

**लोसल ( नवयत्न )।** आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने के लिए राज्य सरकार की ओर से भले ही कई योजनाएं चलाकर करोड़ों रुपए खर्च किए जा रहे हैं लेकिन लोसल क्षेत्र के उप जिला सरकारी अस्पताल में सोनोग्राफी जैसी मूलभूत सुविधाएं नहीं मिलने से आमजन को आर्थिक रूप से परेशान होना पड़ रहा है। आर्थिक रूप से कमजोर एवं ग्रामीण पृष्ठभूमि से आने वाली महिलाओं पर यह एक भारी बोझ है । उपजिला अस्पताल में सोनोग्राफी की सुविधा नहीं मिलने से रोगियों को मजबूरन अस्पताल से बाहर सोनोग्राफी करवानी पड़ती है। यही सरकारी अस्पताल में सुविधा होती है तो मरीजों को काफी राहत मिलेगी। सबसे ज्यादा परेशानी सोनोग्राफी सुविधा नहीं होने से गर्भवतियों को उठानी पड़ती है। विधायक गोरधन वर्मा के प्रयास से सरकार ने हाल ही में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को उपजिला अस्पताल में क्रमोन्नत किया था। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से उपजिला अस्पताल में क्रमोन्नत होने के बाद आमजन में आशा बंधी थी कि उपजिला अस्पताल बनाने के बाद यहां पर जांच के लिए सुविधाएं के संसाधन में विस्तार होगा। लोसल सहित आसपास इलाके के लोगों सहित करीब दो लाख लोगों को अच्छी खासी सुविधा मुहैया कराने का भार उपजिला अस्पताल पर है।

# शादी के लिए पाई-पाई जोड़ी, 1 लाख 55 हजार चोरी

निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** शहर के भारत माता चौक के पीछे शनि मंदिर के सामने शंभुदयाल भार्गव के घर चोरी हो गई। खास बात ये है कि चोरी के वक्त घर के सारे सदस्य घर की छत पर ही सो रहे थे। शंभुदयाल भार्गव ने बताया कि मेरे भाई कमल की पुत्री की शादी 17 जुलाई को है और इसके लिए जोड़े गए पैसे मेरी मां की संदूक में रखे थे, जो चोर ले गए। शंभुदयाल ने बताया कि चोर मेरी मां जीवणी देवी की संदूक से 1 लाख 55 हजार नकद, 4 चांदी के सिक्के, एक नोज पिन, एक जोड़ी पायजेब चोरी कर ले गए। जीवणी देवी ने बताया कि मेरा पुत्र कमल गरीब है, जिसकी बेटी की शादी के लिए पाई पाई जोड़ी गई थी लेकिन चोरों ने गरीबी में आटा गिला कर दिया। वहीं सूचना मिलने पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी ली। पुलिस ने आस-पास के सीसीटीवी भी खंगाले। वहीं घर के सदस्यों ने बताया कि रात के करीब एक बजे तक हम लोग जाग रहे थे, फिर छत पर सोने के लिए चले गए। सुबह पांच बजे जब वृद्धा जीवणी देवी नींद से उठी तो चोरी का खुलासा हुआ।



# कृषि जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

निसं



**चूरू ( नवयत्न )।** जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा के निर्देशन में शुक्रवार को भारत सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के निर्देशानुसार कृषिका ऐप से केसीसी के पूर्ण डिजिटलीकरण हेतु केसीसी संतृप्ति अभियान एवं खेत बचाओ अभियान की जानकारी के लिए जिले के घांघू ग्राम पंचायत के आईटी सेंटर में कृषि विभाग तथा राजस्थान ग्रामीण बैंक द्वारा विशेष शिविर आयोजित किया गया। शिविर में एलडीएम राहुल देवराव गोले ने बताया कि कृषिका ऐप से केसीसी पूरी तरह से डिजीटल हो जायेगी। उन्होंने बताया कि केसीसी ऋण की प्रक्रिया को अधिक आसान बनाने के लिए केंद्र सरकार द्वारा कृषिका मोबाइल ऐप लॉन्च किया गया है। किसान घर बैठे कृषिका ऐप के माध्यम से किसी भी बैंक में आवेदन कर सकेंगे और बैंक इसकी जांच कर पंद्रह दिन में किसान को ऋण दे देंगें। उन्होंने किसानों को मोबाईल में कृषिका ऐप डाउनलोड करवाकर दस्तावेज अपलोड कर केसीसी आवेदन करना सिखाया तथा किसानों के लिए चल रही बैंक की योजनाओं व खेत बचाओ अभियान के बारे में जानकारी दी। नाबार्ड एजीएम जीएल निर्वाण ने किसानों के लिए सरकार द्वारा बैंको के माध्यम से चलाई जा रही सब्सिडी आधारित ऋण योजनाओं, खेती - किसानी एवं पशुपालन के साथ ही कुटीर उद्योग लगाने के लिए योजनाओं की जानकारी दी। राजस्थान ग्रामीण बैंक घांघू के शाखा प्रबंधक लभुराम ने किसान क्रेडिट कार्ड व कृषिका ऐप के बारे में जानकारी दी। कृषि पर्यवेक्षक कर्मवीर गोदारा ने खेत बचाओ अभियान की जानकारी देते हुए किसानों से जैविक खेती करने की अपील की। इस दौरान पूर्व जीएसएस अध्यक्ष परमेश्वरलाल दर्जी, रामकरण फगेड़िया, वरिष्ठ लिपिक सत्यप्रकाश मीणा, मनोज कुमार मेघवाल, लोकेश भाटी, केशरदेव गुरी, महेंद्र दानोदिया, प्रेम बरड़, अजय जांगिड़, देवकरण, युसूफखां, मुस्ताक खां, रामस्वरूप धानक, चंद्रप्रकाश मेघवाल, प्रताप, मुस्लिम खान सहित ग्रामीण मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान को लेकर व्यापक तैयारियां पूरी

## बच्चों को पिलाई जाएगी पोलियो की खुराक

जयशंकर जांगिड़

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** जिले में राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान-2026 के सफल संचालन के लिए चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। सीएमएचओ डॉ छोटेलाल गुर्जर ने बताया कि अभियान के तहत जिले के 0 से 5 वर्ष तक के 1,66,038 बच्चों को पोलियो की दो बूंद पिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इनमें शहरी क्षेत्र के 36,528 तथा ग्रामीण क्षेत्र के 1,29,510 बच्चे शामिल हैं। अभियान के लिए जिलेभर में 1551 पोलियो बूथ स्थापित किए गए हैं। इनमें 252 शहरी तथा 1299 ग्रामीण बूथ शामिल हैं। इसके अलावा 6 रेलवे स्टेशन एवं 20 बस स्टैंड पर ट्रांजिट टीमें तैनात रहेगी ताकि यात्रा के दौरान कोई भी बच्चा पोलियो की खुराक से वंचित न रहे। सीएमएचओ डॉ गुर्जर ने बताया कि जिले को 109 सेक्टरों में विभाजित किया गया है। अभियान के प्रभावी संचालन के लिए 301 सुपरवाइजर, 6204 वैक्सीनेटर तथा 78 वैक्सीन डिपो बनाए गए हैं। दूसरे एवं तीसरे दिन घर-घर सर्वे के लिए 1551 टीमों को विभाजित कर 3102 टीमें बनाई जाएगी। प्रत्येक टीम लगभग 123 घरों का भ्रमण करेगी तथा प्रतिदिन औसतन 62 से 65 घरों तक पहुंचकर लगभग 107 बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने का लक्ष्य रखा गया है।

# नॉन वाटरशैड प्रोजेक्ट का किया उद्घाटन



विजेंद्र सिंह लमोरिया

**चिड़ावा ( नवयत्न )।** राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक, रामकृष्ण जयदयाल डालमिया सेवा संस्थान एवं कुतुबपुरा जलग्रहण समिति के संयुक्त तत्वावधान में गांव कुतुबपुरा में नॉन वाटरशैड प्रोजेक्ट का शुभारम्भ किया गया। कार्यक्रम मुख्य अतिथि नाबार्ड के मुख्य महाप्रबंधक डॉ. आर. रवि बाबू, विशिष्ट अतिथि नाबार्ड के जिला विकास प्रबंधक सौरभ नागपाल, नाबार्ड के लीड डिस्ट्रिक्ट मैनेजर अमरसिंह, बैंक ऑफ बड़ौदा प्रशिक्षण संस्थान के निदेशक मनोज शर्मा, संस्थान के परियोजना प्रबंधक भूपेन्द्र पालीवाल रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम वाटरशेड समिति अध्यक्ष धर्मपाल ने की। अतिथियों का संस्थान एवं कुतुबपुरा ग्राम जलग्रहण समिति की ओर से माला, साफा एंव शॉल ओढाकर स्वागत एंव अभिनन्दन किया गया। मुख्य अतिथि रवि बाबू ने नाबार्ड की योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया। उन्होनें कहा कि संस्थान द्वारा मालुपुरा में संचालित नॉन वाटरशेड परियोजना के बाद कुतुबपुरा में यह परियोजना चलाने का निर्णय लिया गया है। परियोजना में होने वाली वर्षा जल संरक्षण, कुण्ड बागवानी, अजोला यूनिट एवं वर्मी कम्पोस्ट यूनिट आदि इकाईयों को संचालित करने के लिए संस्थान के सहयोग से बनी ग्राम जल ग्रहण समिति का मुख्य कार्य रहेगा। उन्होंने वर्षाजल संग्रहण कुण्ड का उद्घाटन किया। एक पुनर्भरण कूप का कार्य प्रारम्भ किया। कुतुबपुरा शमशान भूमि पर पौधारोपण किया। साथ ही महाप्रबंधक द्वारा ढाणी इस्माईलपुर में संस्थान द्वारा किये गये एक लीटर विधि से पौधारोपण साइट का अवलोकन किया। कार्यक्रम के दौरान अमर सिंह ने परियोजना से जुड़े लोगों को बैंकिग योजनाओं की जानकारी दी। इस अवसर पर संस्थान के परियोजना प्रबंधक भूपेन्द्र पालीवाल ने संस्थान के गत 23 वर्षों में किये गये कार्यों वर्षाजल संग्रहण, स्वच्छता, कृषि एंव पर्यावरण संरक्षण के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन संस्थान के जल व ग्रामीण विकास समन्वयक संजय शर्मा ने किया। कार्यक्रम के अंत में संस्थान के कृषि व वानिकी समन्वयक शुबेन्द्र भट्ट ने अतिथियों, ग्रामीणों का आभार जताया। इस अवसर पर संस्थान के क्षेत्रीय कृषि अधिकारी अजय बलवदा, अखिल कालेर, अनिल सैनी सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# सराफा कुआं पम्पिंग स्टेशन का शुभारम्भ



नवरतन वर्मा

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** रतनगढ़ में बरसाती पानी की निकासी की वर्षों पुरानी समस्या के स्थायी समाधान की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए आरयूआईडीपी विभाग द्वारा लगभग 33 करोड़ रुपये की लागत से स्वीकृत ड्रेनेज योजना के अंतर्गत निर्मित पम्पिंग स्टेशनों में से सराफा कुआं क्षेत्र स्थित पम्पिंग स्टेशन का शुभारम्भ पूर्व विधायक अभिनेश महर्षि ने किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक महर्षि ने कहा कि राज्य की भाजपा सरकार एवं स्वायत्त शासन विभाग शहरों के आधारभूत ढांचे को मजबूत करने के लिए लगातार कार्य कर रहे हैं। बरसाती पानी की निकासी की समस्या लंबे समय से आमजन के लिए परेशानी का कारण बनी हुई थी, जिसके समाधान के लिए यह ड्रेनेज परियोजना मील का पत्थर साबित होगी। इन मोटरों की सहायता से बरसाती पानी की त्वरित निकासी संभव हो सकेगी, जिससे जलभराव की स्थिति नहीं बनेगी और आमजन को बड़ी राहत मिलेगी। इस अवसर पर नगरपालिका ईओ डॉ सहदेव चारण, विधानसभा संयोजक अर्जुन सिंह फ्रांसा, दीनदयाल पारीक, हिम्मत सिंह, जिला प्रवक्ता ओम महर्षि, मण्डल उपाध्यक्ष निरंजन रुन्थलाए सरिता प्रजापतए महामंत्री दीपक मुरारकाएमंत्री भिवराज प्रजापत, गोपालकृष्ण शर्मा, सुशील इन्दौरिया, किशनलाल घोडेला, प्रमोद शर्मा, प्रवीण शर्मा, सुनील शर्मा, राकेश गौड़, विष्णु लुहानीवाल, हीरालाल प्रजापत, रामदेव चंदनिया, बजरंगलाल प्रजापत, बलवीर स्वामी, मनीष महर्षि, राहुल जांगिड सहित वार्डवासी एवम भाजपा कार्यकर्त्ता उपस्थित थे।

## सामूहिक विवाह को लेकर पोस्टर का विमोचन

निसं

**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** कस्बे में सैनी समाज द्वारा 22 जुलाई को होने वाले सामूहिक विवाह को लेकर पोस्टर का विमोचन किया गया। विवाह समिति के अध्यक्ष रामगोपाल सैनी व संगठन अध्यक्ष मोहनलाल सैनी ने बताया कि श्रीमाधोपुर में आयोजित होने वाले विवाह के पोस्टर का विमोचन सर्वप्रथम बंधे वाले बालाजी नरेना में माली समाज अध्यक्ष अमरचंद सैनी, एडवोकेट कन्हैयालाल सैनी दूदू, भवानी शंकर माली महासभा जयपुर एवं समाज के गणमान्य उपस्थित लोगों द्वारा पोस्टर का विमोचन श्रीगणेश किया गया।

# नशे के खिलाफ युद्ध में मेरा क्या, मुझे क्या जैसी सोच से ऊपर उठकर समाज व राष्ट्रहित में निभाएं जिम्मेदारी : सुराणा

निसं




**चूरू ( नवयत्न )।** जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा के निर्देशन में अंतर्राष्ट्रीय नशामुक्ति दिवस के अवसर पर शुक्रवार को जिला मुख्यालय पर मातुश्री कमला गोयनका टाउन हॉल में जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा, पुलिस अधीक्षक निश्चय प्रसाद एम सहित अधिकारी, कर्मचारी व युवाओं ने शिरकत की।

इससे पूर्व जिला मुख्यालय पर नशामुक्ति जागरूकता रैली भी निकाली गई। इस अवसर पर जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने कहा कि नशामुक्त समाज के निर्माण में महिलाओं, ग्राम साथिनों और युवाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि नशा न केवल व्यक्ति बल्कि पूरे परिवार और समाज को कमजोर करता है तथा आने वाली पीढ़ियों का भविष्य भी प्रभावित करता है। उन्होंने बताया कि पुलिस, चिकित्सा, शिक्षा, ड्रग कंट्रोल एवं अन्य विभाग समन्वित रूप से नशे के उन्मूलन के लिए कार्य कर रहे हैं। सरकार द्वारा नशा पीड़ितों के लिए नि:शुल्क उपचार की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। जिला कलक्टर ने आमजन से अपील की कि नशे से जुड़े मामलों की सूचना पुलिस तक पहुंचाएं तथा स्वयं नशामुक्ति का संकल्प लेकर दूसरों को भी जागरूक करें। नशे के खिलाफ इस युद्ध में हम सभी मेरा क्या, मुझे क्या जैसी सोच से ऊपर उठकर समाज और राष्ट्रहित में अपनी जिम्मेदारी निभाएं। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नशामुक्त भारत अभियान को जनभागीदारी से सफल बनाने का आह्वान किया। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित सभी को नशामुक्ति अभियान में सक्रिय भूमिका निभाने की शपथ दिलाई। पुलिस अधीक्षक निश्चय प्रसाद एम ने कहा कि नशामुक्ति केवल सरकारी अभियान नहीं बल्कि पूरे समाज की साझा जिम्मेदारी है।

उन्होंने कहा कि नशा परिवार, समाज और राष्ट्र तीनों के विकास में सबसे बड़ी बाधाओं में से एक है। इसलिए समाज, परिवार, स्वयंसेवी संस्थाओं और सरकारी विभागों को मिलकर नशे के विरुद्ध एकजुट होकर कार्य करना होगा। युवाओं को खेल, योग एवं सकारात्मक गतिविधियों से जोड़कर ही नशे की प्रवृत्ति पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सकता है। उन्होंने उपस्थितों से आग्रह किया कि अपने आसपास नशे की गिरफ्त में आए व्यक्तियों की पहचान कर उन्हें उपचार और पुनर्वास के लिए प्रेरित करें। उन्होंने नशे के दुष्प्रभावों से जुड़े वास्तविक जीवन अनुभव साझा करते हुए उपस्थित लोगों को नशे से होने वाले सामाजिक, आर्थिक एवं पारिवारिक नुकसान की गंभीरता का एहसास कराया। कार्यशाला में प्रो केसी सोनी, ब्रह्माकुमारीज से सुमन, डॉ लक्ष्मी, एडवोकेट निधि सिंघवी, प्रो बीएल मेहरा सहित वक्ताओं ने नशे के दुष्प्रभावों पर आधारित व्याख्यान दिए। विद्यार्थियों ने नाटक के माध्यम से नशे के दुष्प्रभावों का प्रभावशाली मंचन कर नशामुक्त समाज का संदेश दिया। महिला अधिकारिता उपनिदेशक राजेन्द्र शेखावत, एसजेईडी डीडी सत्येन्द्र पाल वीर ने अतिथियों का स्वागत किया। इस दौरान कृष्णा, रचना कोठारी, निधि, अदिति, पूजा, रघुवीर सिंह, ज्ञानप्रकाश सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी, जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता एवं युवाओं ने भाग लिया। संचालन रवि दाधीच ने किया।

### रैली को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

इससे पूर्व पुराने कलेक्ट्रेट परिसर से जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा, एसपी निश्चय प्रसाद एम, बसंत शर्मा, महिला अधिकारिता उपनिदेशक राजेन्द्र शेखावत, एसजेईडी डीडी सत्येन्द्र पाल वीर ने हरी झंडी दिखाकर नशामुक्ति जागरूकता रैली को रवाना किया। रैली पुराने कलेक्ट्रेट से केन्द्रीय विद्यालय से पुलिस लाइन तिराहा से भरतीया अस्पताल से मातुश्री कमला गोयनका टाउन हॉल पहुंची। इस दौरान हरीश वर्मा, महबूब खान सहित अन्य मौजूद रहे।

# मन की बात कार्यक्रम को लेकर शक्ति केंद्र संयोजकों की बैठक आयोजित

विजेंद्र सिंह लमोरिया



**चिड़ावा ( नवयत्न )।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा मन की बात के 135 एपिसोड को 28 जून को बूथ स्तर पर हर बूथ एवं शक्ति केंद्र पर सुनने व देखने की व्यवस्था को लेकर शुक्रवार को मन की बात कार्यक्रम के जिला संयोजक मुरली मनोहर शर्मा के मुख्य अतिथि में चिड़ावा शहर मंडल के श्याम मंदिर शक्ति केंद्र में नगर मंडल अध्यक्ष नरेंद्र गिरधर की अध्यक्षता में शक्ति केंद्र संयोजकों की बैठक हुई। बैठक में पिलानी विधानसभा क्षेत्र मन की बात कार्यक्रम के संयोजक बाबूलाल वर्मा विशिष्ट अतिथि के रूप में हुई जिसमें शहर के तीनों संयोजक डॉ बीएल वर्मा, अशोक शर्मा एवं गंगाधर सैनी ने भाग लिया। इसी क्रम में चिड़ावा ग्रामीण मंडल की बैठक भी मंडल अध्यक्ष विकास स्वामी की अध्यक्षता में मुरली मनोहर शर्मा एवं बाबूलाल वर्मा के मार्गदर्शन में खुड़ियां शक्ति केंद्र पर हुई जिसमें खुड़िया संयोजक राजेंद्र डांगी, नरहड़ के रामनिवास मेघवाल, ओजटू से निरंजन स्वामी, नूनिया गोठड़ा के संदीप कुमावत संयोजक ने भाग लिया। जिला संयोजक मुरली मनोहर शर्मा ने मन की बात कार्यक्रम के बाद में डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि को बलिदान दिवस के रूप में मनाने की बात पर जोर दिया तथा डिजिटल लर्निंग प्लेटफॉर्म के बारे में भी विस्तार से बताया तथा सभी शक्ति केंद्र संयोजकों एवं बूथ अध्यक्षों को अपने-अपने बूथों के कार्यक्रम के लिए एक रजिस्टर भी डालकर उसमें कार्यक्रम का विवरण अवश्य लिखने को कहा गया। पिलानी विधानसभा संयोजक बाबूलाल वर्मा ने संयोजकों से आग्रह किया कि पार्टी से संबंधित सभी कार्यक्रम सरल ऐप पर अवश्य अपलोड करें तथा सभी शक्ति केंद्र संयोजकों को निर्देशित किया गया कि कल तक अपने अधीन आने वाले बूथों के बूथ अध्यक्षों की एक बैठक बुलाकर कार्यक्रम की जगह को लेकर चर्चा करें।

# लोक सेवा ज्ञान मंदिर ट्रस्ट द्वारा फल वितरित



हर्ष सोनी

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** निर्जला एकादशी के पावन अवसर पर लोक सेवा ज्ञान मंदिर ट्रस्ट, झुंझुनू द्वारा कच्ची बस्ती में आम एवं केले का वितरण किया गया। इस अवसर पर ट्रस्ट सदस्यों ने आमजन एवं जरूरतमंद लोगों को फल वितरित कर सेवा, परोपकार एवं मानवता का संदेश दिया। झुंझुनू प्रभारी मनोज कुमार गनोलिया ने बताया कि ट्रस्ट द्वारा पिछले छह वर्षों से लगातार निर्जला एकादशी के अवसर पर फल वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस सेवा कार्य का उद्देश्य जरूरतमंद लोगों तक सहायता पहुंचाना एवं समाज में सेवा भावना को बढ़ावा देना है। ट्रस्ट पदाधिकारियों ने कहा कि निर्जला एकादशी का धार्मिक एवं सामाजिक दृष्टि से विशेष महत्व है। इस अवसर पर जरूरतमंद लोगों को आम एवं केले वितरित किए गए। कार्यक्रम में ट्रस्ट के सदस्यों एवं सहयोगियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। ट्रस्ट की ओर से कहा गया कि इस प्रकार के सेवा कार्य समाज में सहयोग, सद्भावना एवं मानव सेवा की भावना को मजबूत करते हैं। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने ट्रस्ट की इस पहल की सराहना की तथा भविष्य में भी ऐसे जनसेवा कार्य निरंतर जारी रखने का संकल्प लिया। इस कार्यक्रम में ट्रस्ट के कार्यकर्ता सुरेश सीमार, राजेंद्र कनोड़िया, नरोत्तम एवं प्रदीप दुलगच ने विशेष सहयोग प्रदान किया।

# सोलर परियोजना व बालिका प्रसाधन कॉम्प्लेक्स का लोकार्पण

निसं




**तारानगर ( नवयत्न )।** महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय (नवीन), तारानगर में शुक्रवार को राजकीय विद्यालयों की पहली 10 किलोवाट सोलर परियोजना एवं बालिका प्रसाधन कॉम्प्लेक्स का भव्य लोकार्पण समारोह गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ। दोनों परियोजनाएँ विद्यालय के भामाशाह ताराचंद गोयल एवं विम्मी गोयल के सहयोग से साकार हुई हैं। समारोह के मुख्य अतिथि एवं उद्घाटनकर्ता ताराचंद गोयल एवं विम्मी गोयल रहे। विशिष्ट अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी देवकरण सिंह तेतरवाल थे तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी बबलेश शर्मा ने की। विद्यालय के संस्था प्रधान डॉ अशोक जांगिड़ ने अतिथियों का स्वागत करते हुए विकास कार्यों के लिए भामाशाह गोयल परिवार का आभार जताया। मुख्य अतिथि ताराचंद गोयल ने महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय (नवीन), तारानगर की मुक्त कंठ से सराहना करते हुए कहा कि घोषणा की कि आगामी शैक्षणिक सत्र में 90 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले प्रत्येक विद्यार्थी को उनकी ओर से सम्मानित एवं पुरस्कृत किया जाएगा। साथ ही विद्यालय के समग्र विकास में भविष्य में भी निरंतर सहयोग देने का आश्वासन दिया। जिला शिक्षा अधिकारी देवकरण सिंह तेतरवाल व मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी बबलेश शर्मा ने कहा कि ताराचंद गोयल ने शिक्षा उत्थान के लिए अपनी तिजोरी समाज के लिए खोल रखी है। उन्होंने बताया कि हाल ही में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, तारानगर के विकास हेतु लगभग 5 करोड़ के कार्यों के लिए एमओयू किया गया है, जो शिक्षा के प्रति उनकी दूरदर्शी सोच एवं समर्पण का उत्कृष्ट उदाहरण है। समारोह का संचालन सुशील एवं सुमनबाला ने किया। समारोह में नत्थूराम जांगिड़, रामचन्द्र छाबड़ा, महावीर प्रसाद, लालचंद बरवाड़िया, जीवण सिंह राठौड़, रामेश्वर लाल जांगिड़, दुर्गादत्त चूयल, मोतीलाल व्यास, ओमप्रकाश जांगिड़, श्यामसुंदर सोमानी, किशनलाल जांगिड़, हरदेवाराम लखारा, ओमप्रकाश कड़वासरा सहित अनेक गणमान्य नागरिक, विद्यालय स्टाफ, अभिभावक, एसडीएमसी एवं एसएमसी के सदस्य तथा बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

# होम्योपैथिक शिविर में 175 लोगा लाभान्वित



निलेश मुद्गल

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन एवं रानी अहिल्या वीरा केंद्र झुंझुनू के संयुक्त तत्वाधान में हर शुक्रवार को आशुतोष होम्योपैथिक औषधालय परिसर में केदारमल हलवाई की स्मृति में उनके परिवार के आर्थिक सौजन्य से चिकित्सा परामर्श शिविर आयोजित किया गया। शिविर में 175 रोगियों की जांच कर नि:शुल्क दवाइयां वितरण की गई। कार्यक्रम में रामाकांत हलवाई, डॉ एस एन शुक्ला, श्यामसुंदर जालान, नागरमल जांगिड़, महेश कुमार मुंड, देवेंद्र कुमार गौड़, कैलाश चंद्र शर्मा, चंद्र प्रकाश जालान, सुभाष चंद्र जोशी, डॉ मूलसिंह, प्रमोद कुमार, अशोक कुमार, चंद्र प्रकाश, महेश कुमार अग्रवाल सहित काफी संख्या में गणमान्य जन उपस्थित रहे।

# बाथरूम का दरवाजा समझ लिफ्ट शाफ्ट में गिरी बुजुर्ग महिला

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** प्रतापनगर थाना क्षेत्र में गुरुवार देर रात एक दर्दनाक हादसे में 75 वर्षीय बुजुर्ग महिला की मौत हो गई। बाथरूम जाने के दौरान अंधेरे या भ्रमवश वह बाथरूम का दरवाजा समझकर लिफ्ट का चैनल गेट खोल बैठीं और करीब 20 फीट गहरे लिफ्ट शाफ्ट में गिर गईं। हादसे के बाद उन्हें गंभीर अवस्था में अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। पुलिस के अनुसार द्वारिकापुरी-ई निवासी प्रभु देवी 75 गुरुवार रात घर में बाथरूम जाने के लिए निकली थीं। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि उन्होंने लिफ्ट के चैनल गेट को बाथरूम का दरवाजा समझकर खोल दिया, जबकि उस समय लिफ्ट वहां मौजूद नहीं थी। इसके चलते वह सीधे करीब 20 फीट गहरे लिफ्ट शाफ्ट में जा गिरीं। हादसे की सूचना कलेक्ट्रेट कंट्रोल रूम को मिली। सूचना पर सिविल डिफेंस की रेस्क्यू टीम तत्काल मौके पर पहुंची। शाफ्ट में करीब 10 फीट पानी भरा हुआ था, जिससे बचाव कार्य चुनौतीपूर्ण हो गया। टीम ने करीब 15 मिनट की मशक्कत के बाद बुजुर्ग को बाहर निकालकर एंबुलेंस से आरयूएचएस अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल में चिकित्सकों ने उनका उपचार शुरू किया, लेकिन गंभीर चोटों के कारण उन्होंने दम तोड़ दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर हादसे के कारणों की जांच शुरू कर दी है।

# नाथावत ने किया अस्पताल का औचक निरीक्षण

विजेंद्र सिंह लमोरिया

**चिड़ावा ( नवयत्न )।** जयपुर संभाग के संयुक्त निदेशक (जेडी) डॉ यदुराज सिंह नाथावत ने चिड़ावा के उप जिला अस्पताल का दौरा कर स्वास्थ्य व्यवस्थाओं का सघन निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान ब्लॉक मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संत कुमार जांगिड़, प्रधान चिकित्सा अधिकारी डॉ नितेश जांगिड़ और वरिष्ठ चिकित्सक डॉ रघुवीर मील सहित अस्पताल के अन्य वरिष्ठ चिकित्सकों ने जेडी नाथावत को अस्पताल परिसर का अवलोकन करवाया और विभिन्न व्यवस्थाओं की जानकारी दी।

### ओपीडी और वार्डों का लिया जायजा, मरीजों से किया संवाद

संयुक्त निदेशक डॉ नाथावत ने अस्पताल के ओपीडी कक्ष, मेडिसिन व सर्जरी वार्डों का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने ओपीडी में ड्यूटी पर तैनात चिकित्सकों को मरीजों की उचित देखभाल करने के निर्देश दिए।

उन्होंने वार्डों में उपचाराधीन मरीजों और उनके परिजनों से बातचीत कर अस्पताल में मिल रही नि:शुल्क दवाओं, जांचों और चिकित्सा स्टाफ के व्यवहार का फीडबैक भी लिया। निरीक्षण के दौरान डॉ नाथावत ने टीकाकरण कक्ष का भी जायजा लिया।

उन्होंने वहां मौजूद एएनएम को निर्देश दिए कि यूविन पोर्टल पर सभी प्रविष्टियां (डेटा एंट्री) समय पर अपडेट करने को कहा। इसके साथ ही उन्होंने ड्यूटी सूची (रोस्टर) को व्यवस्थित रूप से बनाने और क्षेत्र में शत-प्रतिशत पूर्ण टीकाकरण सुनिश्चित करने के कड़े निर्देश जारी किए। उन्होंने आगामी पल्स पोलियो महाअभियान की तैयारियों की भी समीक्षा की।

### व्यवस्थाएं सुधारने के दिए निर्देश




### लेबर रूम और ऑपरेशन थिएटर का बारीकी से निरीक्षण

अस्पताल के लेबर रूम (प्रसूति कक्ष) का निरीक्षण करते हुए उन्होंने सिजेरियन डिलीवरी और गर्भवती महिलाओं को मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी ली। जेडी ने निर्देश दिए कि ऑपरेशन कक्ष में ऑपरेशन-पूर्व और ऑपरेशन-बाद के प्रोटोकॉल अनिवार्य रूप से चस्पा किए जाएं और स्टाफ द्वारा उनका कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाए। निरीक्षण के अंत में उन्होंने अस्पताल प्रबंधन को चिकित्सा सुविधाओं में और सुधार करने तथा साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने की हिदायत दी। इस अवसर पर अस्पताल के अन्य स्वास्थ्य कर्मी और नर्सिंग स्टाफभी मौजूद रहा।

# नर्सेज की बहाली और मृतक दीपक के परिवार को न्याय की मांग

निसं




**जयपुर ( नवयत्न )।** राजस्थान नर्सेज संयुक्त संघर्ष समिति का धरना शुक्रवार को लगातार 14वें दिन भी सवाई मानसिंह मेडिकल कॉलेज के मुख्य द्वार पर जारी रहा। धरने का नेतृत्व के.के. यादव, शवाना बानो, अशोक यादव और रीना स्वामी ने किया। इस दौरान प्रदर्शनकारी नर्सेज ने रामधुन के साथ शांतिपूर्ण तरीके से अपनी मांगों को दोहराया। प्रदेश संयोजक राजेंद्र राणा, नरेंद्र सिंह शेखावत, पवन मीणा, गुड्डी सैनी और पुरुषोत्तम कुम्भज ने बताया कि जयपुर के अलावा जोधपुर, अजमेरएकरौली, बाड़मेर और सीकर सहित प्रदेश के विभिन्न जिलों में भी धरना जारी है। उन्होंने कहा कि संघर्ष समिति की प्रमुख मांग हटाए गए सभी नर्सेज को सरकार के पूर्व वादे के अनुसार पुन: सेवा में बहाल करना तथा मृतक दीपक के परिवार को न्याय दिलाना है। इन मांगों के पूरा होने तक आंदोलन जारी रहेगा। संघर्ष समिति ने बताया कि आंदोलन के क्रम में शनिवार को धरना स्थल पर सामूहिक सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया जाएगा, जिसमें बड़ी संख्या में नर्सिंगकर्मी और उनके परिजन शामिल होंगे। समिति ने सरकार से जल्द सकारात्मक निर्णय लेकर लंबे समय से चल रहे आंदोलन का समाधान करने की मांग की है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक सपना शर्मा के लिए उदय प्रिंटर्स 43-ए, माली कॉलोनी, चांदपोल के बाहर जयपुर में मुद्रित व प्लॉट नं. 88, तहसील के पीछे दांतारामगढ़, सीकर ( राज. ) से प्रकाशित संपादक सपना शर्मा
मो. 9783931239 मुख्य कार्यालय-जी-4, मान नगर, नगर परिषद के सामने, झुंझुनू, 01592-297190